■ कार्तिक कृष्ण - 5 ■ संवत 2080 ■ वर्ष - 19 ■ अंक - 99 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » गुरुवार » 02-11-2023 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 देश में समस्या का पर्याय बन चुकी है कांग्रेस : योगी आदित्यनाथ

6 रिश्तों की अंधी दुनिया में गुम होती किशोर पीढ़ी

7 'टाइगर 3 के लिए मेरी एशन की तैयारी कम से कम दो महीने की थी' : कैटरीना



## फर्स्ट टेक

### चीन का 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान शुरू

**शंघाई/वार्ता।** चीन का 40वां अंटार्कटिक वैज्ञानिक अभियान दल पांच महीने से अधिक समय तक चलने वाले मिशन की शुरुआत करते हुए बुधवार सुबह रवाना हुआ। यह पहली बार है कि चीन का अंटार्कटिक वैज्ञानिक अनुसंधान मिशन तीन जहाजों द्वारा किया जाएगा। अनुसंधान आइसब्रेकर ज़ुएलॉन्ग और ज़ुएलॉन्ग दो या स्नो ड्रैगन और स्नो ड्रैगन दो, शंघाई से रवाना हुए, जबकि मालवाहक जहाज तियान हुई पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत के झांगजीगांग से रवाना हुए।

### चीन ने ताइवान की सीमा के नजदीक 43 लड़ाकू विमान और सात नौसैनिक पोत भेजे

**ताइपे (ताइवान)/एपी।** ताइवान ने बुधवार कहा कि चीन ने उसकी सीमा के नजदीक 43 लड़ाकू विमान और सात नौसैनिक पोत भेजे हैं। इस हालिया घटना के बाद माना जा रहा है कि चीन ताइवान पर दबाव बनाने की अपनी रणनीति को लेकर नरम नहीं हुआ है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार सुबह छह बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि के दौरान चीन ने इन लड़ाकू विमानों और नौसैनिक पोत को उसकी सीमा की ओर से भेजे हैं। मंत्रालय ने कहा कि इनमें से 37 विमान ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा को पार कर गए, जिसे चीन अनौपचारिक सीमा नहीं मानता। मंत्रालय ने बताया कि जबाव में ताइवान ने अपने लड़ाकू विमान और नौसैनिक पोत भेजे तथा मिसाइल प्रणाली को सक्रिय कर दिया है। अगस्त 2022 में अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद से चीन आक्रामक रुख अपनाये हुये है।

### बोलीविया ने इजराइल के साथ राजनयिक संबंध खत्म किए

**ला पाज/एपी।** बोलीविया सरकार ने गाजा पट्टी में हमास उग्रवादियों के खिलाफ इजराइली सैन्य हमले को समाप्त करने का आह्वान करते हुए मंगलवार को इजराइल के साथ राजनयिक संबंध खत्म कर दिए। बोलीविया के उप विदेश मंत्री फ्रेडी ममानी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, बोलीविया ने गाजा पट्टी में जारी भीषण इजराइली सैन्य हमले की निंदा करते हुए इजराइल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ने का फैसला किया है। देश के वामपंथी राष्ट्रपति लुइस अर्से लंबे समय से इज़राइल के आलोचक रहे हैं और इससे पहले 2009 में गाजा से जुड़ी लड़ाई को लेकर उन्होंने इज़राइल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए थे।

| 02-11-2023 सूर्यास्त | 03-11-2023 सूर्योदय |
|---|---|
| 5:52 बजे | 6:13 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 63,591.33 | 18,989.15 |
| (-283.60) | (-90.45) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,335 रु. | 72,734 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### प्याज स्तुति

मंहगाई ने आकाश छुआ,
म्यूचुअल फंडों पर गिरी गाज।
खाली जेबों को ढाँक रहा,
अब आम आदमी बचा लाज।
क्या खाएं क्या ना खाएं हम,
हो गई कोढ़ में आज खाज।
रोजी को रोटी ताक रही,
रोटी को तकता दिखे प्याज।



## भारत की रक्षा में लद्दाख के योगदान को पूरा देश जानता है : राष्ट्रपति मुर्मू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

लेह/भाषा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारतीयों का लद्दाख के लोगों के प्रति विशेष लगाव और सम्मान है और वे राष्ट्र की रक्षा में इस केंद्र शासित प्रदेश के योगदान को भलीभांति जानते हैं।

सिंधु घाट पर राष्ट्रपति के सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि सिंधु नदी सभी भारतीयों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और अध्यात्मिक मनोपटल में गहराई से व्याप्त है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि लद्दाख के लोगों के प्रति भारत के लोगों का विशेष प्रेम और सम्मान है और वे राष्ट्र की रक्षा में लद्दाख के योगदान को जानते हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस क्षेत्र के लोग अपनी बहादुरी और बुद्ध के प्रति आस्था के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का अमर और जीवंत संदेश लद्दाख के जरिये दूरस्थ देशों तक फैला।

राष्ट्रपति ने कहा कि लद्दाख में आध्यात्मिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन और पर्यावरण अनुकूल-पर्यटन के विकास की विपुल संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अरोग्य पर्यटन या स्वास्थ्य पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएं हैं।

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह खुशी की बात है कि लद्दाख में कई आदिवासी समुदायों की समृद्ध परंपराएं जीवित हैं। उन्होंने कहा कि लोग प्रकृति के प्रति स्नेह और सम्मान के बारे में जानते हैं जो आदिवासी समुदायों की कलाओं, नृत्यों, गीतों और जीवनशैली में परिलक्षित होता है। मुर्मू ने रेखांकित किया कि 'हमें पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली' के वास्ते 'आदिवासी समुदायों की जीवन शैली को संरक्षित करना चाहिए'।

## विकसित भारत बनाने के लिए हमें अपना मॉडल बनाना होगा : रमेश चंद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद ने कहा है कि विकसित भारत बनाने के लिए हमें अपना मॉडल विकसित करना होगा। चूंकि हमारी 60 फीसदी से ज्यादा आबादी ग्रामीण इलाकों में रहती है और इनमें से ज्यादातर कार्यबल खेती-किसानी और इससे जुड़े क्षेत्रों में काम कर रही है, इसलिए हमें कृषि केंद्रित विकास का मॉडल अपनाने की जरूरत है।

चंद ने 'एजेंडा फॉर रूरल इंडिया- नई दिल्ली' के राष्ट्रीय आयोजन को बुधवार को संबोधित करते हुए यह बात कही। इस मौके पर कृषि एवं ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़ी त्रैमासिक पत्रिका रूरल वर्ल्ड को भी लॉन्च किया जो रूरल वॉयस का सहयोगी प्रकाशन है।

प्रो. रमेश चंद ने कहा कि बढ़ते शहरीकरण के बावजूद कृषि का दबदबा कायम रहेगा। उन्होंने कहा,पहले ग्रामीण विकास केवल कृषि तक ही सीमित था, लेकिन अब इसका क्षेत्र बढ़ गया है। हालांकि, ग्रामीण विकास पर कृषि का वर्चस्व बरकरार रहेगा क्योंकि ग्रामीण विकास और कृषि दोनों एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और इन्हें एक-दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता है। उन्होंने राजधानी के इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में आयोजित कार्यक्रम में 'रूरल वर्ल्ड' पत्रिका लॉन्च करते हुए कहा कि पत्रिका के संपादक हरवीर सिंह द्वारा की गई यह शुरुआत अत्यंत सामयिक है।

## इज़रायल ने फिर से हमास को बनाया निशाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**यरूशलेम/वार्ता।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने बुधवार को कहा कि उन्होंने गाजा पट्टी में हमास और उसके 'आतंकवादी सेल' के कमांड पॉइंट को फिर से निशाना बनाया। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा,रात भर में, संयुक्त आईडीएफ सैनिकों ने पूरे गाजा पट्टी में ऑपरेशनल कमांड सेंटर और हमास आतंकवादी सेल सहित कई आतंकी ठिकानों पर हमला किया।

इजरायली सेना ने कहा कि उसने फिलिस्तीनी एक्सक्लेव के उत्तर में एक अस्पताल और सरकारी सुविधाओं के बगल में स्थित एक बहुमंजिला इमारत में हमास लड़ाकों के एक समूह की पहचान की और उनके खिलाफ हवाई हमला किया था।

आईडीएफ सैनिकों ने गाजा पट्टी में सक्रिय बलों की ओर जा रहे एंटी-टैंक मिसाइलों से भरे एक वाहन की पहचान की। जवाब में, सैनिकों ने वाहन की ओर फायर करने के लिए एक विमान को निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि मौजूदा संघर्ष की शुरुआत में गाजा में 11 हजार से अधिक ठिकानों पर हमले किए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ एक आश्चर्यजनक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया। पड़ोसी इजरायली समुदायों के लोगों की हत्या और अपहरण कर लिया। इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों की आबादी वाले गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया, पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी।

## इजरायल-गाजा युद्ध से अरब जगत क्षेत्र के रसातल में डूबने का डर!

**वाशिंगटन/वार्ता/स्पूतनिक।** फिलिस्तीनी शांति सलाहकार हिबा हुसैनी ने कहा है कि अरब जगत अभूतपूर्व स्तर के राजनीतिक संकट के बीच में है और डर है कि इजरायल-गाजा संघर्ष इस क्षेत्र को और समस्याओं में डाल सकता है।

हुसैनी ने स्पूतनिक को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, अरब जगत अभूतपूर्व स्तर के राजनीतिक संकट में है, जो 1948 के नकबा के बाद से कभी नहीं देखा गया। अरब शासन अभी तक अंतिम गेम पर कोई स्थिति नहीं बना सका है। हालांकि, एक सामंजस्यपूर्ण स्वर और संदेश है कि यह युद्ध हमें एक गहरे ब्लैक होल में ले जा सकता है। संबंध बहुत तनावपूर्ण हैं।

हुसैनी ने कहा कि दीर्घकालिक राजनीतिक समाधान होने तक गाजा संघर्ष को हल करने के लिए तत्काल कदम उठाए जाने चाहिए, जिसमें बंधकों की रिहाई के बदले युद्धविराम, फिलिस्तीनियों के लिए मानवीय स्थितियों में सुधार और इमारतों, घरों, पूजा स्थलों एवं विशेष रूप से, गाजा में अस्पताल तथा चिकित्सा देखभाल सुविधाओं को समाप्त करना शामिल है। उन्होंने कहा कि इजरायल को वेस्ट बैंक में इजरायली विशेष बलों की घुसपैठ, वेस्ट बैंक में बसने वालों की हिंसा और फिलिस्तीनियों के खिलाफ मनोवैज्ञानिक युद्ध को रोकना चाहिए।

उल्लेखनीय है कि सात अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर अचानक बड़े पैमाने पर हमला किया। इसके तुरंत बाद, इज़रायल ने जवाबी हमले शुरू किए और गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया। पिछले हफ्ते, इज़रायल ने गाजा पर अपना जमीनी आक्रमण शुरू किया, जिसे सरकार ने हमास के खिलाफ हमले का 'दूसरा चरण' कहा। इजरायल व हमास के बीच जारी सघर्ष में अब तक 10,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को कहा है कि गाजा पट्टी पर इजरायली हमलों में मरने वालों की संख्या 8,500 से अधिक हो गई है और 21 हजार से अधिक लोग घायल हुए हैं। इजरायल में मरने वालों की संख्या 1,500 से अधिक हो गई है।

## निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं भारत-बांग्लादेश संबंध : प्रधानमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




अगरतला/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बांग्लादेश की अपनी समकक्ष शेख हसीना के साथ डिजिटल माध्यम से तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कहा कि दोनों देशों के संबंध निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं तथा पिछले नौ वर्षों में दोनों ने मिलकर जितना काम किया है, उतना काम कई दशकों में भी नहीं हुआ।

मोदी और हसीना ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें त्रिपुरा के निश्चिंतपुर और बांग्लादेश के गंगासागर के बीच एक महत्वपूर्ण रेल संपर्क, 65 किलोमीटर लंबी खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन और बांग्लादेश के रामपाल में 'मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट' की दूसरी इकाई शामिल हैं।

करीब 15 किलोमीटर लंबे अगरतला-अखौरा क्रॉस बॉर्डर रेल संपर्क से सीमा पार व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है और ढाका के रास्ते अगरतला तथा कोलकाता के बीच यात्रा के समय में काफी कमी आएगी।

मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हसीना के साथ बातचीत में कहा, ''यह खुशी की बात है कि हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक बार फिर जुड़े हैं।''उन्होंने कहा, ''हमारे संबंध निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में हमने मिलकर जितना काम किया है, उतना काम कई दशकों में भी नहीं हुआ था।'' हसीना ने कहा कि तीनों परियोजनाएं दोनों देशों के बीच बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग को और मजबूत करेंगी।उन्होंने कहा, ''इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का संयुक्त उद्घाटन दिखाता है कि हमारे बीच दोस्ती और सहयोग का मजबूत बंधन है... मैं सितंबर में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए मेरी यात्रा के दौरान गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद भी देती हूं।''

मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता की बहाली के लिए दोनों देशों के बीच दशकों से लंबित, जमीन सीमा समझौता किया गया और समुद्री सीमा संबंधी मामलों को भी सुलझाया गया।

### मराठा आरक्षण आंदोलन: अब तक 141 मामले दर्ज, 168 गिरफ्तार

**मुंबई/छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** महाराष्ट्र पुलिस मराठा आरक्षण आंदोलन के दौरान हिंसा के संबंध में अब तक 141 मामले दर्ज कर चुकी है और 168 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) रजनीश सेठ ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीड जिले में हुई हिंसा के बारे में उन्होंने बताया कि 24 से 31 अक्टूबर के बीच 20 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें से सात मामले भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 307 (हत्या का प्रयास) के तहत दर्ज किए गए। सेठ ने दक्षिण मुंबई में राज्य पुलिस मुख्यालय में मीडियाकर्मियों को बताया कि किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए बीड जिले में रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की एक कंपनी तैनात की गई है और छत्रपति संभाजी नगर (ग्रामीण), जालना और बीड में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।

## ईडी ने जेट संस्थापक नरेश गोयल, अन्य की 538 करोड़ की संपत्तियां जब्त कीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



नई दिल्ली/भाषा। प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को कहा कि कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिजनों और कंपनियों की लंदन, दुबई और भारत में करीब 538 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की गई हैं।

कुर्क की गई संपत्तियों में 17 फ्लैट, बंगले और वाणिज्यिक परिसर शामिल हैं।

संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि लंदन, दुबई और भारत के विभिन्न शहरों में स्थित ये संपत्तियां जेट एयर प्राइवेट लिमिटेड और जेट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड जैसी विभिन्न कंपनियों, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और बेटे निवान के नाम पर हैं।

ईडी ने कहा कि कुर्क की कई संपत्तियों की कुल कीमत 538.05 करोड़ रुपये है।

ईडी ने गोयल (74) को एक सितंबर को गिरफ्तार किया था और एजेंसी ने मंगलवार को मुंबई में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। वह मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं।

जेट एयरवेज ने नकदी संकट के बाद अप्रैल 2019 में अपना परिचालन बंद कर दिया था। बाद में, गोयल ने एयरलाइन के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया।



दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**सम्मान**

बेंगलूरु के प्रवासी राजस्थानी कर्नाटक संघ के महामंत्री जवरीलाल लुणावत ने जोधपुर में ओसियाँ की विधायक सुश्री दिव्या मदेरणा से शिष्टाचार भेंट कर उनका सम्मान किया। लुणावत ने मदेरणा को कर्नाटक में निवासित प्रवासियों के विकास से अवगत कराया। मदेरणा ने सभी प्रवासियों से आगामी राजस्थान विधानसभा चुनाव में राजस्थान आकर मतदान करने की अपील की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**रक्तदान शिविर**

बेंगलूरु के श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में लायंस रक्त बैंक के सहयोग से जैन युवक संघ द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें करीब 140 व्यक्तियों ने स्वेच्छापूर्वक रक्तदान किया। संघ के अध्यक्ष नेमीचन्द चोरडिया व मंत्री अभयकुमार बांठिया ने शिविर का उद्घाटन किया। युवा संघ के अध्यक्ष नन्दू कोठारी ने सभी का स्वागत किया। युवा संघ के उपाध्यक्ष दर्शन छाजेड़, दीपक बोहरा, महेन्द्र मकाना, संदीप छाजेड़, पूरण लुणावत ने व्यवस्था में सहयोग दिया। बालिका मंडल ने पंजीकरण का कार्य संभाला।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**कर्नाटक स्थापना दिवस**

कर्नाटक एग्रीकल्चर वाटर पम्प एंड स्पेयर्स ट्रेडर्स एसोसिएशन के तत्वावधान में कर्नाटका राज्योत्सव के मौके पर मुख्य अतिथि एसजे पार्क पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर गुरु प्रसाद ने झंडारोहण किया। इस मौके पर एसपी रोड एवं चिकपेट क्षेत्र के मानवसेवा कार्य चेयरमैन विष्णु पटेल की अगुवाई में अन्नदान किया गया। संघ के अध्यक्ष फ्रैंकी हॉल, सचिव सुनील सुराणा व अन्य कमेटी सदस्यों ने कन्नड़ राज्योत्सव कार्यक्रम व अन्नदान में भाग लिया।



# स्वभाव से किया धर्म जन्म-जन्म तक साथ देता है : साध्वी भव्यगुणाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु।शहर के सिमंधरस्वामी राजेंद्रसूरी ट्रस्ट मामुलपेट के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरु राजेन्द्र भवन किलारी रोड में विराजित साध्वी भव्यगुणाश्रीजी ने कहा कि कर्म के प्रभाव से दुर्गति हो और कोई बचा ले वह धर्म का प्रभाव है । धर्म केवल बचाता ही नहीं है वरन सुख, सुरक्षा एवं सद्गति भी देता है। धर्म तीन प्रकार से होता है दबाव, प्रभाव एवं स्वभाव। दबाव वश एवं चमत्कार के प्रभाव में आकर किया धर्म, धर्म नहीं है। जब धर्म करते हुए जीवन के कषाय शांत हो जाएं और पाप मिट जायें तब स्वभाव से धर्म कहलाता है। दबाव एवं प्रभाव से किया धर्म अल्पकालीन है एवं स्वभाव से किया धर्म जन्म-जन्म तक साथ देता है।

साध्वी शीतलगुणाश्री ने कहा कि मृत्यु शाश्वत है। परन्तु मौत से पहले ऐसे कार्य कर लेना चाहिए ताकि मौत महोत्सव बन जाए। जीवन मे जितना अच्छा हो सके उतना अच्छा करें। मेघराज भंसाली ने बताया कि गुरुवार को सुबह राजेंद्र सूरी गुरुदेव के 108 अभिषेक सिमंधर स्वामी राजेंद्रसूरी मंदिर मामुलपेट में आयोजित किया गया

# हीरे के समान स्पष्ट व साफ थे प्रभु महावीर : आचार्यश्री महेन्द्रसागर

राणेबेन्नूर। शहर के सुमतिनाथ जैन संघ में चातुर्मासार्थ विराजित आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरीजी ने कहा कि भगवान महावीर के व्यक्तित्व हीरे समान है।

वो हीरे के समान थे, उनका हर परिस्थिति में देखने का नजरिया ही अलग होता है। कर्मों का वह शौर्यपूर्वक सामना करते थे। शौर्यरस, समसारस और करुणारस से परिपूर्ण थे भगवान महावीर। प्रभु महावीर एक गहरी सोच व समभाव वाले महापुरुष थे। वे सब व्यक्तियों को एक भाव से देखते थे और सबका भला करने का भाव रखते थे। उनका व्यक्तित्व हीरे समाज स्पष्ट व साफ था।



# लोभ का अंत करने के लिए संतोष आवश्यक : साध्वी प्रतिभाश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अक्कीपेट के तत्वावधान में अक्कीपेट स्थानक में विराजित साध्वीश्री डॉ प्रतिभाश्रीजी की निश्रा में उत्तराध्ययन सूत्र का संगाहन चल रहा है। उत्तराध्ययन सूत्र का छट्ठा अध्ययन है क्षुल्लक निग्रन्थ। निग्रंथ साधु साध्वी वही है जो राग द्वेष से दूर रहे। अभ्यंतर ग्रंथियां और बाह्य ग्रंथियां से जीव को मुक्त होना चाहिए। सातवां अध्ययन है औरभ्रीय, अर्थात भेड़ का बच्चा।

दो मार्ग बताए गए हैं, श्रेय मार्ग और प्रेय मार्ग। श्रेय मार्ग, तप त्याग युक्त एवं विषय कषाय से मुक्त होकर आत्म सुख का मार्ग है। श्रेय मार्ग पर चलने वाला साधक निश्चित ही अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेता है। प्रेय मार्ग को ग्रहण करने से जीव पांच इंद्रियों के क्षणिक विषय सुखों में आसक्त होकर दुख पाता है। हमें अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण रखना चाहिए।

साध्वीश्री ने कहा कि आठवां अध्ययन है कपिलीय। इस अध्ययन में कपिल केवली के दृष्टांत के माध्यम से लोभ की अवस्था का सुंदर वर्णन किया गया है। जैसे-जैसे लाभ बढ़ता है वैसे-वैसे व्यक्ति का लोभ बढ़ता जाता है। लोभ उस सरिता की तेज धारा के समान है जो आगे बढ़ती रहती है घटती नहीं। लोभ का अंत करने के लिए संतोष को जीवन में लाना आवश्यक है।

जीवन में संतोष आ जाए तो आत्मा का कल्याण हो जाता है। इससे पूर्व साध्वी ऋषिताश्रीजी एवं साध्वी अनुज्ञाश्रीजी ने मूल उत्तराध्ययन सूत्र का स्वाध्याय करवाया। साध्वी ऋषिताश्रीजी ने चातुर्मास कार्यक्रम संबंधी सूचनाएं दी। साध्वी प्रियंगीश्रीजी के आज 11 उपवास की तपस्या गतिमान है स्वाध्याय के लाभार्थी गुलाबीबाई कमलेशकुमारपारख परिवार थे। सहमंत्री कल्याण श्रीश्रीमाल ने संघ की सूचनाऐं प्रदान की।



# वर्तमान विद्या की साधना करने से जीवन में आती है समृद्धि : मुनिश्री राजपद्मसागर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के शांतिनाथ श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ एलएन पुरम श्रीरामपुरम के समणी भवन में चातुर्मासार्थ विराजित मुनिश्री राजपद्मसागरजी एवं श्रमणपद्मसागरजी के सान्निध्य में पहली बार वर्धमान विद्यामहापूजन हुआ। इस पूजन के बारे में समझाते हुए मुनिश्री राजपद्मसागरजी ने कहा कि इस वर्तमान विद्या की साधना करने से जीवन में अनेक प्रकार की वृद्धि होती है। इस महान विद्या को प्राप्त करने के लिए सिर्फ साधु भगवंत अधिकारी है, इसकी साधना एवं आराधना करने के लिए 52 दिन तक इस साधना के लिए आयंबिल तप करना पड़ता है, ऐसे महाविद्या की साधना जिनशासन के महान प्रभावना के कार्य करते हैं। नमस्कार महामंत्र के बाद इस महान वर्धमान विद्या का आविष्कार हुआ। इस विद्या के रचयिता व्रज स्वामीजी है।

मुनि श्री श्रमणपद्मसागरजी ने कहा कि इस पूजन का नाम वर्धमानस्वामी के नाम से है। मुनिश्री ने वर्धमान स्वामीजी के जीवन चरित्र के बारे में बताते हुए कहा कि जब भगवान का माता त्रिशला की कुक्षी में अवतरण हुआ था, तब सिद्धार्थ राजा के राज्य में धन-धान्य राज्य सोना रूपा ऐसे अनेक अनेक प्रकार की उनके राज्य में वृद्धि हो रही थी इसलिए श्री वीर प्रभु का नाम भी उन्होंने वर्धमान रखा था। पूजन के लाभार्थी संघवी सुगनीबाई मंगलचंद आच्छा परिवार रहा।



**पुरस्कार वितरण**

राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर 31 दिसम्बर को 'स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत' थीम पर आधारित 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन वायुसेना तकनीकी कॉलेज (एएफटीसी) में किया गया। दौड़ को एयर वाइस मार्शल पीएस नायर, मुख्य तकनीकी प्रशिक्षण अधिकारी (सीटीटीओ), मुख्यालय प्रशिक्षण कमान, आईएएफ द्वारा सुबह 6 बजे हरी झंडी दिखाई गई। 10 किलोमीटर की दौड़ में महिलाओं और बच्चों सहित 900 से अधिक रक्षा कर्मियों और नागरिकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम ने कॉलेज में चल रहे 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 4.0' के समापन को भी चिह्नित किया। कार्यक्रम के संचालन के बाद, कमांडेंट एएफटीसी, एयर कमोडोर रत्नेश गुप्ता, ने सभा को संबोधित किया और प्रतिभागियों द्वारा दिखाए गए उच्च उत्साह की सराहना की। एयर वाइस मार्शल पीएस नायर ने दौड़ के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।



**पुस्तक विमोचन**

बेंगलूरु में भारतीय विश्व संस्कृति संस्थान द्वारा वाडिया सभागार में एक पुस्तक का विमोचन हुआ। थिएटर कलाकार धीरेन्द्र एस द्वारा कन्नड़ में 'हव्यासी रंगदा मुथु रथनागलु' नामक पुस्तक का विमोचन प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता डॉ. श्रीनाथ ने किया। वरिष्ठ थिएटर और फिल्म कलाकार गिरिजा लोकेश मुख्य अतिथि थीं। डॉ. श्रीनाथ ने थिएटर के विकास में शौकिया कलाकारों के अपार योगदान को स्वीकार किया और कई दिलचस्प उदाहरणों को याद किया जिन्हें उन्होंने संजोया था। उन्होंने इस पुस्तक में 40 कन्नड़ शौकिया कलाकारों के जीवन और उपलब्धियों को चित्रित करने के लिए लेखक श्री धीरेंद्र के प्रयास की सराहना की।

# आर. राजगोपाल ने रेल पहिया कारखाना के महाप्रबंधक का पदभार संभाला



बेंगलूरु। भारतीय रेलवे मैकेनिकल इंजीनियरिंग सेवा, 1987 बैच के अधिकारी आर. राजगोपाल ने रेल पहिया कारखाना (रेल व्हील फैक्ट्री) के महाप्रबंधक का पदभार संभाला है। राजगोपाल 6 मार्च 1989 को भारतीय रेलवे में शामिल हुए। अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने भारतीय रेलवे में विभिन्न नेतृत्व पदों पर कार्य किया है। उन्होंने मंडल रेल प्रबंधक के रूप में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महत्वपूर्ण बिलापुर मंडल का नेतृत्व किया है। उन्होंने आरआरबी/कोलकाता के अध्यक्ष के रूप में रेलवे में भर्ती को सुव्यवस्थित करने के लिए कई उपाय शुरू किए हैं। उन्होंने ईस्ट कोस्ट रेलवे और रेल व्हील फैक्ट्री, बेंगलूरु के प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर के रूप में भी काम किया है। पिछली सभी पोस्टिंग में सफलतापूर्वक और शानदार प्रदर्शन करते हुए, आर. राजगोपाल अब रेल व्हील फैक्ट्ररी यलहंका के महाप्रबंधक रूप में शीर्ष पर होंगे।



# उत्तर भारत में दलितों पर हो रहे हमले, राजग की सार्वजनिक उपक्रमों की बेचने की बकवास नीति : केसीआर

**सतुपल्ली (तेलंगाना)/भाषा।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अध्यक्ष के.चंद्रशेखर राव ने बुधवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीति राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की एलआईसी सहित सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण करने की बकवास नीति है। सतुपल्ली में आयोजित चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री राव (जिन्हें केसीआर के नाम से भी जाना जाता है) ने कहा कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश जैसे उत्तर भारत के राज्यों में और यहां तक प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य (गुजरात) में दलितों पर हमले सहित उनकी दयनीय स्थिति को देख कर उनकी सरकार ने तेलंगाना में 'दलित बंधु' योजना बनाई।

केसीआर ने विश्वास जताया कि ''चाहे कुछ भी हो'30 नवंबर के विधानसभा चुनाव के बाद बीआरएस सत्ता में आएगी। अगर कांग्रेस सत्ता में आती है, तो वे कल्याणकारी योजनाओं को खत्म कर देगी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नेता कृषि के बारे में नहीं जानते हैं और केवल किसी अन्य का लिखा हुआ भाषण पढ़ते हैं। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया, ''केंद्र में निजीकरण की बकवास नीति है। हर चीज का निजीकरण किया जा रहा है। वह एलआईसी भी बेच रहे हैं। रेलवे-हवाई अड्डों का भी निजीकरण किया है। उसी बकवास नीति के तहत अब बिजली क्षेत्र का निजीकरण करना चाहते हैं लेकिन तेलंगाना में हम इसे सरकार के अधीन रखे हुए हैं।''

# मुर्मू के आदिवासी होने के कारण उन्हें संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में नहीं बुलाया गया : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सुकमा (छत्तीसगढ़)/भाषा।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर बुधवार को आरोप लगाया कि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को संसद भवन के शिलान्यास कार्यक्रम में इसलिए नहीं बुलाया गया क्योंकि वह 'अछूत' जाति से हैं और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नई संसद का उद्घाटन इसलिए नहीं कराया गया क्योंकि वह आदिवासी हैं।

खरगे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं चाहते कि सत्ता गरीबों के हाथ में जाए।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आदिवासियों की जल-जंगल-जमीन की रक्षा की लड़ाई में हमेशा उनका समर्थन किया है। राज्य के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के सुकमा जिले में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए खरगे ने कहा, 'प्रधानमंत्री मोदी और भारतीय जनता पार्टी हमेशा कहती है कि उन्होंने आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया। लेकिन आदिवासी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को नए संसद भवन के उद्घाटन में नहीं बुलाया। उसका शिलान्यास हुआ तब तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को नहीं बुलाया क्योंकि वह अछूत थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उद्घाटन के समय नहीं बुलाया क्योंकि वह आदिवासी हैं। वह उनके हाथ से उद्घाटन करना नहीं चाहते थे।'उन्होंने कहा, 'वह (भाजपा के नेता) कहते हैं कि उन्होंने आदिवासी को राष्ट्रपति बनाया लेकिन उन्हें कोई भी इमारत का शिलान्यास करने का मौका नहीं मिला।' खरगे ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने देश को आजाद कराया और बाबा साहब आंबेडकर ने संविधान का निर्माण किया।उन्होंने देश के विकास में कांग्रेस के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा, देश जब आजाद हुआ तब स्कूल व कॉलेज का निर्माण हुआ। बैंक नहीं थे, उद्योग नहीं था। आज जो भी है उसमें सबसे बड़ा योगदान कांग्रेस का है और भाजपा तथा प्रधानमंत्री मोदी पूछते हैं कि कांग्रेस ने क्या किया।उन्होंने कहा, 'हमने देश के लिए कुछ किया है इसलिए हम वोट मांग रहे हैं। इस देश के नागरिकों की भलाई की है इसलिए हम वोट मांग रहे हैं। इस देश की आजादी के लिए कांग्रेस पार्टी के लोग सूली पर चढ़े इसलिए हम वोट मांग रहे हैं।'

## मराठा आरक्षण आंदोलन: नागपुर मे फडणवीस के आवास पर सुरक्षा बढ़ाई गई

**नागपुर/भाषा।** महाराष्ट्र पुलिस ने मराठा आरक्षण की मांग को लेकर राज्य के कुछ हिस्सों में चल रहे आंदोलनों को देखते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। नागपुर के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने धरमपेठ इलाके के त्रिकोणी पार्क में फडणवीस के आवास पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की थी। अधिकारी के अनुसार, उपायुक्त ने आदेश दिया कि मराठा आरक्षण आंदोलन को देखते हुए आवास पर सुरक्षा बढ़ा दी जाए। नागपुर, भाजपा के नेता फडणवीस का गृहक्षेत्र है। राज्य के कई हिस्सों में पिछले कुछ दिनों में हिंसा की घटनाएं देखी गई हैं। मराठवाड़ा के पांच जिलों में सरकारी बस सेवाएं पूरी तरह से निलंबित कर दी गई हैं। वहीं, बीड के कुछ हिस्सों में सोमवार को कर्फ्यू लगाकर इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है, जहां प्रदर्शनकारियों ने राजनीतिक नेताओं के घरों को निशाना बनाया था।

# मराठा समुदाय को आरक्षण अन्य समुदायों के कोटा को छुए बिना दिया जाएगा : शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि बुधवार को हुई सर्वदलीय बैठक में फैसला किया गया कि राज्य में अन्य समुदायों को दिये जा रहे वर्तमान आरक्षण में छेड़छड़ किए बिना मराठा समुदाय को आरक्षण दिया जाना चाहिए। यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए शिंदे ने कार्यकर्ता मनोज जरांगे से अपील की कि वह अपना अनशन समाप्त कर दें और सरकार को कुछ समय दें। जरांगे 25 अक्टूबर से अनशन पर हैं।

शिंदे ने कहा, ''सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि मौजूदा समय में जिन समुदायों को आरक्षण मिल रहा है, उनमें छेड़छाड़ किए बिना मराठा समुदाय को आरक्षण देने की कोशिश की जानी चाहिए। मैं मनोज जरांगे से अनुरोध करता हूं कि वह अनशन समाप्त कर दें और सरकार से सहयोग करें। राज्य को उच्चतम न्यायालय में दाखिल करने के लिए उपचारात्मक याचिका तैयार करने में समय की जरूरत है।'' सरकार दो मोर्चों पर काम कर रही है, पहला मराठवाड़ा में मराठा समुदाय को कुनबी जाति का प्रमाणपत्र (ताकि अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत आरक्षण का लाभ ले सके) जारी कर रही है व दूसरा शीर्ष न्यायालय में दाखिल करने को त्रुटि रहित उपचारात्मक याचिका तैयार कर रही है।

# मराठा आरक्षण: मुंबई-बेंगलूरु राजमार्ग अवरुद्ध करने को लेकर 500 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पुणे/भाषा।** पुणे पुलिस ने मुंबई-बेंगलूरु राजमार्ग को अवरुद्ध करने और टायर जलाने के आरोप में मराठा आरक्षण का समर्थन करने वाले संगठनों के लगभग 500 कार्यकर्ताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि मराठों को आरक्षण देने की मांग को लेकर प्रदर्शनकारियों ने मंगलवार दोपहर सवा 12 बजे से पौने तीन बजे के बीच पुणे शहर में नवले पुल के पास राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया था और टायर जलाए थे।

पुलिस ने कहा कि उन्होंने मराठा क्रांति मोर्चा और सकल मराठा मोर्चा के 400 से 500 कार्यकर्ताओं के खिलाफ दूसरों के जीवन को खतरे में डालने और यात्रियों में भय फैलाने सहित विभिन्न आरोपों में मामला दर्ज किया है। पुलिस ने कहा कि कार्यकर्ताओं पर भारतीय दंड संहिता, महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम और आपराधिक विधि (संशोधित) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## आतंकी हमलों के मद्देनजर कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाई गई

**श्रीनगर/भाषा।** घाटी में आतंकवादी हमले के हालिया मामलों के मद्देनजर पूरे कश्मीर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि हालिया आतंकी हमलों में एक पुलिसकर्मी और एक प्रवासी मजदूर की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, सुरक्षाबलों ने घाटी के अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ यहां शहर के कई हिस्सों में वाहनों और आने-जाने वाले लोगों की जांच और तलाशी भी तेज कर दी है। शहर के सभी मुख्य चौराहों, सभी प्रवेश व निकास स्थानों, जिला मुख्यालय जाने वाली प्रमुख सड़कों पर नाकाबंदी और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कर्मियों को संवेदनशील स्थानों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक आबादी वाले क्षेत्रों के आस-पास तैनात किया गया है।उन्होंने कहा कि सुरक्षाबल उन इलाकों में रात के वक्त भी कड़ी नजर रखे हुए हैं, जहां प्रवासी मजदूर रहते हैं। अधिकारियों के मुताबिक, ज्यादातर प्रवासी मजदूर ठंडे मौसम की वजह से घाटी छोड़कर जा चुके हैं, हालांकि कुछ मजदूर अभी भी बस्तियों में रह रहे हैं।



## सेना प्रमुख ने सियाचिन आधार शिविर, अग्रिम चौकियों का दौरा किया

**नई दिल्ली/भाषा।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को सियाचिन आधार शिविर और अग्रिम चौकियों का दौरा कर वहां परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी।उन्होंने कहा कि जनरल पांडे मंगलवार को लेह पहुंचे थे। काराकोरम पर्वत श्रृंखला में लगभग 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर को दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्य क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। सर्दियों के दौरान ग्लेशियर पर हिमस्खलन और भूस्खलन का खतरा तो बना ही रहता है, तापमान भी शून्य से 60 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। एक रक्षा सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, सेना प्रमुख ने आज सियाचिन आधार शिविर और अग्रिम चौकियों का दौरा किया। उन्होंने बताया कि दौरे के दौरान उन्होंने परिचालन तैयारियों की भी समीक्षा की।

## दुनियाभर में लक्जरी घरों की कीमत वृद्धि के मामले में मुंबई चौथे स्थान पर

**नई दिल्ली/भाषा।** लक्जरी आवासीय संपत्तियों की कीमत वृद्धि के मामले में दुनियाभर के 46 शहरों में मुंबई चौथे स्थान पर रहा है। रियल एस्टेट सलाहकार कंपनी नाइट फ्रैंक ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। नाइट फ्रैंक इंडिया ने बुधवार को '2023 की तीसरी तिमाही के लिए प्रमुख वैश्विक शहर सूचकांक' जारी करते हुए कहा कि मुंबई, बेंगलूरु और नई दिल्ली में प्रमुख आवासीय या लक्जरी घरों की औसत कीमत में जुलाई-सितंबर तिमाही में वृद्धि हुई है। नाइट फ्रैंक ने कहा, मुंबई ने 2023 की तीसरी तिमाही में प्रमुख आवासीय संपत्तियों की कीमतों में चौथी सबसे अधिक सालाना वृद्धि दर्ज की। इससे मुंबई ने 6.5% की वृद्धि के साथ पिछले साल की समान तिमाही में 22वें स्थान से 18 स्थान की छलांग लगाई है। सूचकांक में नई दिल्ली और बेंगलूरु ने भी वृद्धि की है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र 4.1% वृद्धि के साथ सूचकांक में 10वें स्थान पर पहुंच गया जबकि पिछले साल समान तिमाही में यह 36वें स्थान पर था।

## समलैंगिक विवाह पर 17 अक्टूबर के फैसले की समीक्षा के लिए उच्चतम न्यायालय में याचिका

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उसके 17 अक्टूबर के उस फैसले की समीक्षा का अनुरोध किया गया है, जिसमें समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया गया था। याचिकाकर्ताओं में से एक उदित सूद द्वारा समीक्षा याचिका शीर्ष अदालत की रजिस्ट्री में दायर की गई है। उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था। न्यायालय ने यह भी कहा था कि इस बारे में कानून बनाने का काम संसद का है। समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता दिए जाने का अनुरोध करने संबंधी 21 याचिकाओं पर संविधान पीठ ने सुनवाई की थी। हालांकि, प्रधान न्यायाधीश ने केंद्र, राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि समलैंगिक समुदाय के साथ भेदभाव नहीं किया जाए।

# जम्मू-कश्मीर : डीजीपी सिंह के कार्यकाल में मारे गए करीब एक हजार आतंकवादी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व पुलिस महानिदेशक दिलबाग सिंह के कार्यकाल के दौरान केंद्र शासित प्रदेश में करीब एक हजार से अधिक आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जम्मू-कश्मीर के इतिहास में सबसे लंबे समय तक डीजीपी रहने का रिकॉर्ड बनाने वाले दिलबाग सिंह मंगलवार को सेवानिवृत्त हुए। उन्होंने सात सितंबर 2018 को बतौर डीजीपी कार्यभार ऐसे समय संभाला जब स्थितियां चुनौतियों से भरी थी।उन्होंने बताया कि सिंह के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और जम्मू-कश्मीर के पुनर्गठन सहित विभिन्न चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया।

अधिकारियों के मुताबिक, '' सिंह के कार्यकाल के दौरान 1,055 आतंकवादी मारे गए, 58 ने आत्मसमर्पण किया और 1,448 आतंकवादी समर्थकों को गिरफ्तार किया गया।'' इस अवधि के दौरान, बल को एक अशोक चक्र, तीन कीर्ति चक्र, 13 शौर्य चक्र और 887 पुलिस पदक से सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सिंह के कार्यकाल के दौरान जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति में उल्लेखनीय बदलाव आया। उन्होंने बताया, ''पिछले 3 दशकों के दौरान पहली बार, कोई बंद का आह्वान नहीं किया गया और न ही हड़ताल की गई। शिक्षा और व्यवसाय को बाधित नहीं किया और लोग सामान्य जीवन जी रहे हैं और केंद्र शासित प्रदेश में कई अच्छी चीजें हो रही हैं।''

## सूचनाओं के आदान-प्रदान से बना नेटवर्क लगाएगा तस्करी पर लगाम: डीआरआई

**नई दिल्ली/भाषा।** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के प्रधान महानिदेशक एम के सिंह ने बुधवार को कहा कि देशों के बीच सूचना के आदान-प्रदान से बनने वाला 'नेटवर्क' तस्करी एवं गैरकानूनी कारोबार के 'अंतरराष्ट्रीय आपराधिक नेटवर्क' से लड़ने का एकमात्र स्थायी उपाय है।

प्रवर्तन मामलों में सहयोग पर आयोजित डीआरआई के तीन दिन के वैश्विक सम्मेलन के अंत में 40 से अधिक देशों के अधिकारियों ने सीमापार अपराधों के खिलाफ लड़ाई में वैश्विक सहयोग को मजबूत करने का संकल्प लिया। वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि प्रतिभागियों ने कार्रवाई-योग्य खुफिया जानकारी को समय पर साझा करने की अहमियत पर आम सहमति जताई। इसमें सीमा-शुल्क प्रशासन और अंतरराष्ट्रीय संगठनों के बीच एक मजबूत नेटवर्क बनाने पर जोर दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि सम्मेलन में इन अपराधों के खिलाफ प्रवर्तन की दिशा में अधिक सहयोग के लिए संबंधित स्थानीय कानूनों के अधीन मौजूदा द्विपक्षीय और बहुपक्षीय व्यवस्था का फायदा उठाने की जरूरत पर बल दिया गया।

## तेदेपा प्रमुख चंद्रबाबू नायडू जमानत पर रिहा होने के बाद घर पहुंचे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**अमरावती/भाषा।** तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन चंद्रबाबू नायडू कौशल विकास निगम घोटाला मामले में जमानत पर रिहा होने के बाद बुधवार तड़के यहां उंदावल्ली स्थित अपने घर पहुंचे।

आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राजामहेंद्रवरम जेल से 13 घंटे की लंबी यात्रा के बाद सुबह लगभग छह बजे अपने घर पहुंचे, जहां परिवार के सदस्यों और पार्टी समर्थकों ने उनका स्वागत किया। तेदेपा प्रमुख ने बाद में पत्नी एन भुवनेश्वरी और रिश्तेदारों के साथ प्रार्थना में भाग लिया। आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय ने मंगलवार को स्वास्थ्य आधार पर नायडू को चार सप्ताह की अवधि के लिए अंतरिम जमानत दी थी। नायडू का काफिला मंगलवार शाम करीब पांच बजे पूर्वी गोदावरी जिले के राजामहेंद्रवरम से निकला। गुंटूर जिले के उंदावल्ली के रास्ते में उनके सैकड़ों समर्थक सड़क के किनारे इक्ट्ठा हुये थे। बड़ी संख्या में समर्थकों के जुटे होने के कारण उनकी यात्रा के शुरुआती मार्ग में लगभग पांच किलोमीटर तक जाम रहा। तेदेपा के कई नेता भी उनके काफिले के साथ रहे।

## एयरटेल के सीईओ ने शुल्क दरों में बढ़ोतरी की वकालत की



**नई दिल्ली/भाषा।** देश की दूसरी बड़ी दूरसंचार कंपनी भारती एयरटेल के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) गोपाल विट्ठल ने बुधवार को कहा कि उद्योग को व्यवहार्य बनाने के लिए शुल्क दरों में बढ़ोतरी करने की जरूरत है। विट्ठल ने दूसरी तिमाही के नतीजों पर चर्चा के दौरान कहा कि भारत में दूरसंचार शुल्क कम हैं और इनमें बढ़ोतरी करने की जरूरत है। हालांकि, उन्होंने कहा कि एयरटेल 5जी सेवाओं का शुल्क बढ़ाने के पक्ष में नहीं है और वह सभी खंडों में शुल्क बढ़ोतरी की पहल जारी रखेगी।उन्होंने कहा, ''हम सबसे किफायती और उच्च गुणवत्ता वाली दूरसंचार सेवा के पक्ष में हैं। हम यह भी समझते हैं कि ग्राहकों के अलग-अलग खंड की जरूरतें अलग हैं और एक ही शुल्क ढांचा सब पर लागू नहीं होता है।''

एयरटेल के शीर्ष अधिकारी ने कहा, ''दूरसंचार उद्योग के लिए निवेश जारी रखने और भारत के डिजिटल दृष्टिकोण को साकार करने के लिए इसका व्यवहार्य होना जरूरी है और इसके लिए बहीखाते का इस्तेमाल करना टिकाऊ समाधान नहीं है।'' दूरसंचार उद्योग के लिए प्रतिस्पर्धा के साथ किफायती शुल्क एवं वित्तीय व्यवहार्यता का होना भी जरूरी है। शुल्क दरों में वृद्धि के बारे में पूछे जाने पर विट्ठल ने कहा, ''सवाल यह नहीं कि क्या ऐसा होगा। सवाल है कि शुल्क कब बढ़ेगा। जियो के आने के बाद 2 बार दरों में बढ़ोतरी हो चुकी है उम्मीद है कि आने वाले समय में भी ऐसा होगा।''

# विजयवर्गीय ने पर्चा भरते वक्त दो गंभीर मुकदमों की जानकारी "छिपाई" : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा।** कांग्रेस ने बुधवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने दुष्कर्म और मानहानि के गंभीर इल्जामों से जुड़े दो अलग-अलग लम्बित अदालती मुकदमों की जानकारी इंदौर-1 सीट से भरे नामांकन में जानबूझकर नहीं दी है। कांग्रेस ने यह भी कहा कि वह राज्य में 17 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में विजयवर्गीय की उम्मीदवारी को चुनौती देने के लिए शीर्ष न्यायालय तक कानूनी लड़ाई लड़ेगी। भाजपा का कहना है कि ''मुद्दाविहीन'' कांग्रेस को विधानसभा चुनावों में अपनी घोर पराजय का पूर्वाभास हो गया है, इसलिए वह भाजपा उम्मीदवारों पर घटिया आरोप लगाने पर उतर आई है।



कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता चरण सिंह सपरा ने इंदौर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि छत्तीसगढ़ के पूर्व महाधिवक्ता कनक तिवारी ने दुर्ग की एक अदालत में 1999 में विजयवर्गीय के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था और भाजपा महासचिव के नाम जारी विभिन्न समन और वारंट की तामील नहीं होने पर अदालत ने उन्हें इस मामले में 2019 से ''फरार'' घोषित कर रखा है।उन्होंने दावा किया कि विजयवर्गीय और दो अन्य लोगों के खिलाफ पश्चिम बंगाल के अलीपुर की एक अदालत में एक महिला द्वारा दुष्कर्म के आरोप में दायर मामला भी लम्बित है। सपरा ने आरोप लगाया कि विजयवर्गीय ने इंदौर-1 से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर दायर हलफनामे में दुर्ग और अलीपुर की अदालतों में लम्बित दोनों मामलों की जानकारी जानबूझकर छिपाई और इससे राजनीतिक नैतिकता को लेकर भाजपा के दावों की पोल खुल जाती है। कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा किया कि विजयवर्गीय द्वारा दोनों मुकदमों की जानकारी छिपाए जाने पर इंदौर-1 से कांग्रेस प्रत्याशी संजय शुक्ला की आपत्ति को सत्तारूढ़ भाजपा के ''दबाव'' के चलते जिला निर्वाचन कार्यालय ने खारिज कर दिया। सपरा ने कहा,कांग्रेस विजयवर्गीय की उम्मीदवारी के खिलाफ केंद्रीय निर्वाचन आयोग से लेकर उच्चतम न्यायालय तक कानूनी लड़ाई लड़ेगी। हम इस मामले को चुनावों में जनता की अदालत में भी ले जाएंगे।

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता गोविंद मालू ने कहा,''कांग्रेस के पास विधानसभा चुनावों में कोई भी मुद्दा नहीं है। वह चुनावों में अपनी घोर पराजय का पूर्वाभास होते ही भाजपा उम्मीदवारों पर घटिया आरोप लगाने पर उतर आई है।''

## भाजपा या कांग्रेस को वोट देने का मतलब 'अराजकता और पिछड़ापन': ओवैसी



**हैदराबाद/भाषा।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि भाजपा या कांग्रेस को वोट देने का मतलब अराजकता और पिछड़ेपन के लिए मतदान करना है।उन्होंने सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा और कांग्रेस शासित राज्यों में कर्फ्यू तथा इंटरनेट पर रोक की घटनाएं इतनी अधिक होती हैं कि लोग न तो काम पर जा सकते हैं और न ही घर से काम कर सकते हैं। हैदराबाद से सांसद ओवैसी ने कहा, भाजपा और कांग्रेस शासित राज्यों में कर्फ्यू तथा इंटरनेट पर रोक की घटनाएं इतनी बार होती हैं कि आप न तो काम पर जा सकते हैं और न ही घर से काम कर सकते हैं। भाजपा-कांग्रेस के लिए वोट अराजकता और पिछड़ेपन के लिए वोट है। इंटरनेट कनेक्टिविटी और बुनियादी ढांचे के मामले में तेलंगाना देश में शीर्ष पर है।



## सिद्दरामैया ने केंद्र से कहा

# प्रतियोगी परीक्षाएं कन्नड़ में भी आयोजित की जाएं

■ राज्योत्सव पर 'कर्नाटक' नाम के 50 वर्ष पूर्ण ■ राज्य में होंगे अनेक समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने बुधवार को केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को कन्नड़ भाषा में भी आयोजित करने की वकालत करते हुए कहा कि इन्हें केवल हिंदी या अंग्रेजी में कराना संभव नहीं है।

मुख्यमंत्री ने 68वें कर्नाटक राज्योत्सव के अवसर पर कंटीरवा स्टेडियम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह इन परीक्षाओं के लिए भाषा के माध्यम पर फिर से विचार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखेंगे।

उन्होंने कहा, शिवाजी नगर से विधायक रिजवान अरशद ने सही कहा है कि केंद्र सरकार केवल हिंदी और अंग्रेजी में परीक्षा आयोजित करती है। हमें इसका विरोध करने की जरूरत है। उनके मुताबिक, सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी में प्रतियोगी परीक्षाएं कराना संभव नहीं है।

सिद्दरामैया ने कहा, हमारे बच्चे उसी भाषा में परीक्षा देंगे जो वे जानते हैं। मैं अपने प्रधानमंत्री से (भाषा के तरीके पर) दोबारा विचार करने का अनुरोध करूंगा। यह उल्लेख करते हुए कि केवल सरकारी स्कूलों में शिक्षा का माध्यम कन्नड़ है, निजी स्कूलों में नहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के बीच यह गलत धारणा है कि केवल अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे प्रतिभाशाली होते हैं तथा अच्छी नौकरी पाते हैं।सिद्दरामैया ने यह भी कहा कि कर्नाटक में कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पैदा हुए हैं जिन्होंने कन्नड़ माध्यम में अध्ययन किया। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि माता-पिता को अपने बच्चे को अपनी पसंद के शिक्षण माध्यम में शिक्षा दिलाने का अधिकार है...।

सिद्दरामैया ने सरकारी स्कूलों को उन्नत करने की जरूरत पर भी जोर दिया, ताकि वहां पढ़ने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस संबंध में, उन्होंने कर्नाटक में 10वीं कक्षा तक कन्नड़ को अनिवार्य बनाने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री ने सरकारी स्कूलों के लिए बुधवार से मुफ्त बिजली और पानी देने की घोषणा की जिससे कि उनकी स्थिति सुधर सके।

उन्होंने कहा कि राज्य अपने गठन का 68वां वर्ष मना रहा है और 'कर्नाटक' नाम से 50 साल पूरे कर चुका है, जिसे पहले 'मैसूर' के नाम से जाना जाता था। 'कर्नाटक' नाम की स्वर्ण जयंती मनाने के लिए राज्य भर में साल भर विभिन्न कार्यक्रम होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को राज्य के इतिहास, इसकी भाषा, कला, संगीत, संस्कृति, विरासत और परंपराओं के बारे में बताने के लिए 'हेसारयितु कर्नाटक, उसिरगली कन्नड़' (कर्नाटक का नाम, कन्नड़ इसकी सांस हो) के नारे के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

सिद्दरामैया ने लोगों से कन्नड़ को दैनिक व्यवहार में लाने की शपथ लेने की अपील की। मुख्यमंत्री ने सभी प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए कन्नड़ का उपयोग करने की आवश्यकता पर जोर दिया।









राजभवन में राज्यपाल थावरचन्द गहलोत ने लोककलाकारों का सम्मान किया।



राज्योत्सव पर बॉर्टन सेन्टर में जय कर्नाटक जनपर वेदिके द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम।

# पूरे राज्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया राज्योत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। 68वां कर्नाटक राज्योत्सव पूरे कर्नाटक राज्य में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आज सुबह से गांव गांव के सर्कल से लेकर सभी जिला मुख्यालयों और तहसील मुख्यालयों में समारोह का आयोजन किया गया। स्थानीय लोगों ने ढोल नागाड़े के साथ, फिल्मी गानों की धुन पर नाच गाकर राज्योत्सव मनाया। जगह जगह पर अन्नदान के कार्यक्रम हुए।

राजभवन में कन्नड़ और संस्कृति विभाग के सहयोग से कन्नड़ राज्योत्सव का आयोजन किया गया। राज्यपाल थावरचन्द गहलोत ने कर्नाटक राज्य को स्वस्थ और समृद्ध बनाने और देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए हम सभी से मिलकर काम करने का आह्वान करते हुए अपना योगदान करने की प्रेरणा दी। कन्नड़ भाषा में कर्नाटक राज्योत्सव पर राज्य के लोगों को को उन्होंने हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक देश का प्रगतिशील राज्य है। हमारा राज्य राज्य के सर्वांगीण विकास और सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के उद्देश्य से बुनियादी सेवाओं तक पहुंच सहित विभिन्न नवीन और समावेशी कार्यक्रमों को लागू करने में अग्रणी रहा है। उन्होंने सराहना की कि कर्नाटक ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सूचना और प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, उद्योग और वाणिज्य, स्टार्टअप, अनुसंधान केंद्र, एयरोस्पेस, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा सहित सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण प्रगति की है। हुब्बल्ली, बेलगावी, रायचूर, बीजापुर, गदग सभी जगह धूमधाम से राज्योत्सव मनाया गया। राज्य के ओरायन मॉल, मंत्री मॉल सहित सभी मॉलों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ राज्योत्सव मनाया गया। बॉर्टन सेन्टर में जय कर्नाटक जनपरवेदिके द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।



# विधानसौधा की सीढ़ियों पर राज्योत्सव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक राज्योत्सव और कर्नाटक पुलिस ध्वज के स्वर्णिम उत्सव के अवसर पर, विधान सौधा की भव्य सीढ़ियों के सामने कन्नड़ और संस्कृति विभाग और कर्नाटक राज्य पुलिस विभाग द्वारा एक पुलिस बैंड संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री, डीके शिवकुमार, गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर, कन्नड़ एवं संस्कृति विभाग मंत्री शिवराज थंगडागी, खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री के.एच. मुनियप्पा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराजू, नसीर अहमद, मुख्य सचिव वंदिता शर्मा, मुख्यमंत्री के उप मुख्य सचिव रजनीश गोयल, राज्य के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। इसके पूर्व वेंक्कट हॉल में राज्योत्सव पुरस्कार प्राप्त करने वाली शख्सियतों के सम्मान में एक पार्टी का आयोजन किया जिसमें मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार कन्नड़ एवं संस्कृति विभाग के मंत्री शिवराज तंगड़ी आदि ने भाग लिया। राज्य उत्सव पुरस्कार प्राप्त करने वाले गणमान्यों ने मुख्यमंत्री एवं अन्य गणमान्यों से मुलाकात की।



# बेंगलूरु में दहशत फैलाने वाले तेंदुए को गोली मारी गई, मौत

बेंगलूरु। वन कर्मियों ने पांच दिन से बेंगलूरु के निवासियों के बीच दहशत फैलाने वाले एक तेंदुए को मार गिराया। तीन दिन तक गहन तलाश अभियान के बाद वन विभाग के अधिकारियों को तेंदुए के बेंगलूरु दक्षिण में इलेक्ट्रॉनिक सिटी के निकट कुडलू गेट के पास होने का पता चला। अधिकारियों ने कहा कि इसके बाद उन्होंने एक पिंजरा लगाया और जब तेंदुए को पकड़ने के उनके प्रयास विफल हो गए तो उन्होंने गोली चला दी।

मुख्य वन संरक्षक एस. एस. लिंगराज ने पत्रकारों से कहा, तेंदुए ने पशु चिकित्सक किरण और एक अन्य कर्मचारी पर हमला किया। वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उसने एक और कर्मचारी पर हमला करने का प्रयास किया।

इसलिए, कर्मचारी ने आत्मरक्षा में गोली चला दी। हमने बन्नेरघट्टा में इसे (तेंदुए को) बचाने की कोशिश की लेकिन उसकी मौत हो गई। लिंगराज ने कहा कि जब तेंदुए ने लोगों पर हमला शुरू किया तो मुख्य वन्यजीव वार्डन ने उसे गोली मारने की अनुमति दे दी।

अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) कुमार पुष्कर ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया सुबह अभियान शुरू हुआ। तेंदुए को जिंदा नहीं पकड़ा जा सका। कुडलू गेट के पास इसके होने का पता चला और तमाम प्रयास किये गये। इसे जीवित पकड़ना संभव नहीं था, क्योंकि यह बहुत आक्रामक था और लोगों पर हमला कर रहा था... जब इसे पकड़ने की कोशिश की जा रही थी तक इसने एक पशु चिकित्सक समेत तीन कर्मचारियों पर हमला किया था।

# पुलिस ने शिवसेना कार्यकर्ताओं को बेलगावी में प्रवेश करने से रोका

बेलगावी/दक्षिण भारत । कर्नाटक पुलिस ने राज्य के स्थापना दिवस पर बुधवार को बेलगावी जा रहे शिवसेना कार्यकर्ताओं को महाराष्ट्र से लगती सीमा पर रोक दिया। शिवसेना कार्यकर्ता इस अवसर पर महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) की ओर से आयोजित 'काला दिवस' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कर्नाटक की सीमा में प्रवेश कर रहे थे।

पुलिस ने कहा कि उन्हें यहां पुणे-बेंगलूरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर निप्पानी तालुक में कोगनोली जांच चौकी पर रोका गया। पुलिस के अनुसार, कोल्हापुर जिला अध्यक्ष विजय देवणे के नेतृत्व में कम से कम 30 शिवसेना कार्यकर्ताओं को बेलगावी में प्रवेश करने से पहले सीमा पर ही रोक दिया गया और इसके बाद उन्हें कोल्हापुर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

समिति लंबे समय से कर्नाटक के कई मराठी भाषी क्षेत्रों और गांवों के महाराष्ट्र में विलय के लिए लड़ रही है। यह संगठन हर वर्ष 'कर्नाटक राज्योत्सव' दिवस को 'काला दिवस' के रूप में मनाता है। बेलगावी प्रशासन ने मंगलवार को महाराष्ट्र के तीन मंत्रियों और एक सांसद के इस जिले में प्रवेश पर पाबंदी लगा दी थी। उनके कर्नाटक के स्थापना दिवस पर एमईएस की ओर से आयोजित 'काला दिवस' कार्यक्रम में उनके शामिल होने की आशंका थी। अधिकारियों के अनुसार, वे यात्रा के दौरान भड़काऊ भाषण दे सकते हैं। साथ ही कन्नड़ कार्यकर्ता उनका घेराव कर सकते हैं तथा इसके नतीजतन एमईएस कार्यकर्ताओं के साथ झड़प हो सकती है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि महाराष्ट्र के मंत्री शंभुराजे देसाई, चंद्रकांत पाटिल, दीपक केसरकर और सांसद धैर्यशील माने के एमईएस के कार्यक्रम में शामिल होने की संभावना है। एमईएस ने हाल में कोल्हापुर में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात की थी और सीमा मुद्दे पर उनका समर्थन मांगा था और अनुरोध किया था कि वह एमईएस की ओर से कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रतिनिधियों को भेजें। कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच सीमा विवाद 1957 से है, जब भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन किया गया था।



# कन्नड़ राज्योत्सव पुरस्कार से 68 लोगों का हुआ सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रवीन्द्र कलाक्षेत्र में कन्नड़ और संस्कृति विभाग द्वारा आयोजित राज्योत्सव पुरस्कार-2023 पुरस्कार समारोह में मुख्यमंत्री सिद्दरामैया की उपस्थिति में 68 उपलब्धि हासिल करने वालों को राज्योत्सव पुरस्कार दिए गए। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार, गृह मंत्री डॉ. जी.परमेश्वर, कन्नड़ और संस्कृति विभाग के मंत्री शिवराज एस. तंगड़ी, उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री सुधाकर, शहरी विकास विभाग के मंत्री सुरेशा, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव गोविंदराजू, नसीर अहमद और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।इसरो के अध्यक्ष सोमनाथ सहित, 13 महिलाओं और 54 पुरुषों और एक किन्नर सहित कल 68 उपलब्धि हासिल करने वालों को विशेष रूप से कर्नाटक उत्सव-50 के अवसर पर तथा 10 संगठनों को राज्योत्सव पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार विजेताओं को 5 लाख रुपये का नकद पुरस्कार और 25 ग्राम सोने का पदक देकर सम्मानित किया गया।





# भाजपा प्रत्याशी दिया कुमारी ने विद्याधरनगर से दाखिल किया अपना नामांकन पत्र

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में आगामी 25 नवबर को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रत्याशी एवं सांसद दिया कुमारी ने बुधवार को यहां अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इससे पहले श्रीमती दिया कुमारी ने अपने चुनाव प्रधान कार्यालय पर सुबह एक जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद वह नामांकन रैली के साथ कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुईं। हजारों की संख्या में समर्थक दिया कुमारी के साथ वाहन रैली के रूप में जिला निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय पंहुचे जहां उन्होंने अपना पर्चा भरा।

जनसभा को सम्बोधित करते हुए श्रीमती दिया कुमारी ने सबसे पहले सभी आराध्य देवताओं को याद किया और जनता को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं के आशीर्वाद से उन्हें सवाईमाधोपुर और राजसमंद में जीत मिली थी और आज का जनसैलाब देख कर उन्हें फिर से यह विश्वास हो गया है कि विद्याधरनगर में भी कमल खिलने वाला है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलायें भी मौजूद रहीं। नामांकन पत्र भरने के बाद श्रीमती दिया कुमारी ने सभी कार्यकर्ताओं और जनता का आभार व्यक्त किया और ऐसे ही समर्थन बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि राजस्थान का हर एक नागरिक फिर से राजस्थान में डबल इंजन वाली सरकार की राह तक रहा है।

उन्होंने दावा करते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की उलटी गिनती चालू हो चुकी है और जनता का सैलाब दिखाता है कि जनता ने इनको सत्ता से बाहर करने का फैसला कर लिया है। उनकी नामांकन रैली में जयपुर सांसद राम चरण बोहरा, राज्यसभा सांसद अनिल जैन, विधायक और पूर्व मंत्री कालीचरण सर्राफ, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, जिलाध्यक्ष राघव शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता मुकेश पारीक, पूर्व विधायक बीरू सिंह, हज कमेटी के पूर्व चेयरमैन फ़िरोज़ खान, राजसमंद के जिलाध्यक्ष मानसिंह बारहड़, महिला मोर्चा की सभी मंडल अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मंडल पदाधिकारी, वार्ड अध्यक्ष, मोर्चा अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# ये कांग्रेस के भविष्य का भी चुनाव है : अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगामी विधानसभा चुनाव को महत्वपूर्ण बताते हुए बुधवार को कहा कि ये कांग्रेस के भविष्य का भी चुनाव है। गहलोत ने पार्टी नेताओं से सभी प्रकार की राजनीति छोड़कर कांग्रेस उम्मीदवारों को चुनाव जिताने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी के नेता चुनाव जीतते हैं तो सरकार बनने पर उन्हें बोर्ड आदि में मौके दिए जाएंगे। गहलोत ने कहा कि टिकट नहीं मिलने के कारण नाराज नेताओं से बातचीत कर उन्हें मनाया जाएगा।

राज्य में 25 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने हैं और वोटों की गिनती तीन दिसंबर को होगी। गहलोत ने कहा, जिन्होंने हमारा साथ दिया, हमारी सरकार बचाई, उसके बाद भी मैं (उन्हें) टिकट नहीं दिला पाया तो हमने उनसे कहा कि आप हमें चुनाव जिताओ, भले ही किसी को भी टिकट मिला हो। सारी राजनीति एक तरफ है और देश पहले है। देश में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाना है। देश को कांग्रेस पार्टी की जरूरत है। आप उसे जिताओ।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'ये विधानसभा चुनाव सिर्फ कांग्रेस, राजस्थान का नहीं है। यह चुनाव कांग्रेस के भविष्य का चुनाव भी है। तो मैं मानता हूं कि अगर वे जिता देंगे तो हम चुनाव खत्म होने के बाद (सरकार बनने पर) उनको बोर्ड आदि में कहीं भी समायोजित करेंगे।'

मुख्यमंत्री ने कहा कि टिकट बंटवारे के बाद कुछ कार्यकर्ताओं का नाराज होना स्वाभाविक है लेकिन टिकटों का वितरण कुल मिलाकर सबकी सलाह से हुआ है, फिर भी कुछ शिकायतें हो सकती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य में कांग्रेस फिर चुनाव जीतेगी और लोगों का जनादेश पार्टी के पक्ष में होगा। उन्होंने कहा कि जनता चाहती है कि कांग्रेस की सरकार फिर से बने, क्योंकि हमने काम ही ऐसे किए हैं। उन्होंने कहा, 'इस बार मेरा मन कहता है कि लोग और कुछ नहीं देखेंगे। हमारे कामों को देखेंगे। मैंने जो काम किए हैं, मैं उनके साथ खड़ा हूं। मेरी पार्टी मेरे साथ खड़ी है। हमारी सरकार आपके सामने खड़ी है। पिछले चुनाव में जो वादे मैंने किए थे, करीब करीब सभी वादे निभाए हैं। मुझे लगता है कि जनता इस बार आशीर्वाद देगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के राजस्थान दौरे संबंधी एक सवाल के जवाब में गहलोत ने कहा, वहां बुलडोजर सरकार है। क्या यह राज (शासन) है? क्या यह लोकतंत्र है? कुछ लोग उनकी बातों से खुश हो जाते हैं, लेकिन कानून का राज नहीं है तो आप और हम भी सुरक्षित नहीं रहेंगे। कानून का शासन सबके लिए आवश्यक है।

# तालिबानी है कांग्रेस की सोच : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



अलवर। देश की हर समस्या के लिये कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस की सोच तालिबानी है, जिसने भक्ति और शक्ति की धरती राजस्थान की परंपराओं को कलंकित करने का काम किया है। तिजारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी योगी बालकनाथ के समर्थन में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुये उन्होने कहा कांग्रेस की सोच तालिबानी है और ऐसी तालिबानी सोच का इलाज बजरंगबली की गदा ही है, इसका उदाहरण इजराइल की गाजा में चल रही कार्रवाई में दिख रहा है, जहां चुन-चुनकर आतंकियों को मारा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि देश की हर समस्या की जड़ कांग्रेस है। कांग्रेस राज होता तो कभी भी राममंदिर मामले का समाधान नहीं होता। मगर प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बन रहा है। अयोध्या में आज विकास की बयार बह रही है। एक तरफ सरदार पटेल देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य कर रहे थे तो वहीं कांग्रेस ने कश्मीर में धारा 370 की समस्या पैदा कर दी, जिसे हमेशा के लिए हटाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने आतंकवाद के ताबूत में अंतिम कील ठोंक दी है। कांग्रेस जो काम 70 साल में नहीं कर सकी वो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने साढ़े नौ साल में कर के दिखा दिया।

केंद्र सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए योगी ने कहा राजस्थान में भाजपा सरकार बनने के बाद यहां रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने का कार्य डबल इंजन की ताकत से किया जाएगा। राजस्थान के गौरव, परंपराओं और विरासत पर हर भारतीय को गर्व की अनुभूति होती है। अलवर से हम लोगों का नजदीक का रिश्ता है। योगीराज राजा भर्तृहरि नाथ की भूमि हमारी विरासत का प्रतीक है। यहां की गौरवशाली परंपराओं को कांग्रेस ने कलंकित करने का काम किया है। मुख्यमंत्री गहलोत ने तुष्टिकरण की पराकाष्ठा को पार दिया है। कांग्रेस जहां देश की हर समस्या का नाम है तो वहीं हर समस्या का समाधान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नेतृत्व है। गहलोत सरकार को हिन्दू विरोधी बताते हुए उन्होने कहा कि यहां पेशेवर अपराधियों और गुंडों को प्रश्रय दिया जाता है। साथ ही सरकार के संरक्षण में संतों को अपमानित करने का कार्य किया जाता है। जनता को तय करना होगा कि ये तुष्टिकरण का खेल आखिर कब तक चलेगा। योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश का उदाहरण देते हुए बताया कि यूपी 25 करोड़ की आबादी का राज्य है, मगर किसी गुंडे की हिम्मत नहीं होती कि किसी बेटी के सम्मान से खिलवाड़ कर सके। कोई भी गुंडा किसी व्यापारी को परेशान नहीं कर सकता। यूपी में बेटी की सुरक्षा है तो पूज्य संतों का सम्मान भी है। गोवंश को संरक्षण दिया जाता है।

उन्होने कहा कि जिस राज्य में बीजेपी सरकार है वहां डबल इंजन की ताकत से काम हो रहा है। बाबा बालकनाथ भी एक योगी हैं। उन्होंने तिजारा को सितारा बनाने का संकल्प लिया है। आपने इन्हे सांसद के रूप में देखा है। आपके साथ उनका आत्मीय रिश्ता है। अब तिजारा की जिम्मेदारी बनती है कि कोई जातिवाद और भेदभाव न हो। बाबा मस्तनाथ, राजा भर्तृहरि नाथ और बाबा गोरखनाथ का आशीर्वाद बाबा बालकनाथ के साथ है। यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर कांग्रेस दुर्भाग्य से सफल होती है तब फिर से तालिबानी मानसिकता वाले बेटियों की इज्ज़त पर हमला करेंगे। हम सभी लोगों को राजस्थान को अराजकता का नहीं रामराज्य की परिकल्पना को साकार करने वाला राज्य बनाना है। जहां गौमाता की सुरक्षा की गारंटी हों। बेटियों और माताओं की सुरक्षा हो। इस प्रदेश को भ्रष्टाचार नहीं, समृद्धि में नंबर एक पर लाना है। योगी आदित्यनाथ ने जनसभा स्थल पर खड़े बुलडोजर को इंगित करते हुए कहा कि ये बुलडोजर जहां एक तरफ दुष्टों का उपचार है तो वहीं विकास और इन्फ्रास्ट्रक्चर के लिए रास्ता बनाने का यंत्र भी है। हम सज्ज्नों का संरक्षण करते हैं मगर दुष्टों को सजा भी देते हैं।



# 'खनन माफियाओं पर कसा शिकंजा, अक्टूबर में 5 करोड़ का जुर्माना वसूला'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। प्रदेश में अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी कार्यवाही के लिए माइंस विभाग एक्शन मोड पर है। अतिरिक्त मुख्य सचिव माइंस, पेट्रोलियम व उद्योग वीनू गुप्ता ने बताया कि अक्टूबर में समूचे प्रदेश में 730 कार्यवाही करते हुए 750 वाहन-मशीनरी जब्ती के साथ ही 5 करोड़ 63 लाख रुपए से अधिक का जुर्माना वसूल किया जा चुका है। कार्यवाही में एसएमई जयपुर कार्यक्षेत्र में सर्वाधिक 173 कार्यवाही की गई हैं। वहीं जयपुर, उदयपुर, जोधपुर और कोटा जोन में प्रभावी कार्यवाही की गई है।

गौरतलब है कि चुनाव घोषणा के साथ ही मीडिया में खनन माफिया के सक्रिय होने के समाचारों को विभाग ने गंभीरता से लिया और एसीएस माइंस वीनू गुप्ता ने अवैध खनन गतिविधियों के प्रति गंभीरता दिखाते हुए फील्ड अधिकारियों को चाकचोबंद रहने और शिकंजा कसने के निर्देश दिए, वर्चुअली संवाद कायम कर अधिकारियों को माइंस विभाग की गंभीरता का स्पष्ट मैसेज दिया। वहीं निदेशक माइंस ताराचंद मीणा के स्वयं के स्तर पर प्रभावी मोनेटरिंग के सकारात्मक परिणाम प्राप्त होने लगे हैं।

एसीएस माइंस वीनू गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में अवैध खनन, भण्डारण, परिवहन और ओवर लोडिंग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए अक्टूबर में 81 एफआईआर दर्ज करवाई जा चुकी है। अधिकारियों को फील्ड में सतर्क रहने और रात्रिकालीन गश्त को जारी रखने को कहा गया है। निदेशक माइंस ताराचंद मीणा ने बताया कि अवैध खनन गतिविधियों पर सख्ती से नजर रखी जा रही है और मुख्यालय स्तर पर नियमित मोनेटरिंग की जा रही है।

उन्होंने बताया कि विभाग के फील्ड अधिकारियों को सक्रिय करते हुए अवैध खनन गतिविधियों पर जीरो टोलरेंस का सख्त संदेश दे दिया गया है। मीणा ने बताया कि मुख्यालय स्तर पर अतिरिक्त निदेशक सतर्कता योगेन्द्र सिंह सहवाल को मोनेटरिंग व समन्वय की जिम्मेदारी दी गई है।

जयपुर जोन में अतिरिक्त निदेशक बीएस सोढ़ा के निर्देशन में जयपुर और अजमेर एसएमई कार्यक्षेत्र में 298 प्रकरणों में 27 एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही 305 वाहन मशीनरी जब्ती और 2 करोड़ 24 लाख 93 हजार 153 रु. की वसूली की गई है। एसएमई जयपुर प्रताप मीणा की टीम द्वारा अक्टूबर में 173 कार्यवाही करते हुए एक करोड़ 31 लाख रु. से अधिक की वसूली की है।

# लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने दक्षिण पश्चिमी कमान की कमान संभाली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ, एवीएसएम ने बुधवार को यहां दक्षिण पश्चिमी कमान की बागडोर संभाल ली। लेफ्टिनेंट जनरल सेठ ने प्रेरणा स्थल यपुर मिलिट्री स्टेशन में एक समारोह में बहादुरों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दक्षिण पश्चिमी कमान की बागडोर संभाली। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला और भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून के पूर्व छात्र हैं। वह 20 दिसंबर 1986 को द्वितीय लांसर्स में कमीशन हुए थे। जनरल ऑफिसर ने स्किनर्स हॉर्स रेजिमेंट ,एक आर्मर्ड ब्रिगेड, जम्मू-कश्मीर में एक काउंटर इंसर्जेंसी फोर्स और पश्चिमी मोर्चे पर प्रतिष्ठित स्ट्राइक कोर को कमांड किया है । दक्षिण पश्चिमी कमान का कार्यभार संभालने से पहले, वह दिल्ली क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग थे। उनके अपने कार्यकाल में स्टाफ नियुक्तियों में स्वतंत्र आर्मर्ड ब्रिगेड के ब्रिगेड मेजर, एमएस शाखा में सहायक सैन्य सचिव, मुख्यालय दक्षिण पश्चिमी कमान में ब्रिगेडियर जनरल सर्विस (ऑपरेशंस) तथा सेना मुख्यालय में विभिन्न शाखाओं में तीन कार्यकाल शामिल हैं। वह एनडीए, खडकवासला में प्रशिक्षक तथा सहायक एडजुटेंट और स्कूल ऑफ आर्मर्ड वारफेयर, द आर्मर्ड कॉर्प्स सेंटर एंड स्कूल, अहमदनगर में कर्नल प्रशिक्षक रहे हैं।

उनकी विदेशी तैनाती में 1995 से 1996 तक संयुक्त राष्ट्र अंगोला सत्यापन मिशन तृतीय में संचालन अधिकारी के रूप में कार्यकाल शामिल है। जनरल ऑफिसर ने विभिन्न कोर्स ऑफ़ इंस्ट्रक्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैख उन्हें 'यंग ऑफिसर्स' कोर्स में 'सिल्वर सेंचुरियन' से सम्मानित किया गया है साथ ही साथ उन्होंने रेडियो इंस्ट्रक्टर और जूनियर कमांड कोर्स दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। उन्हें वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज कोर्स में सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंड छात्र से सम्मानित किया गया है। जनरल ऑफिसर ने मिलिट्री कॉलेज, पेरिस, फ्रांस में प्रतिष्ठित रक्षा सेवा कमांड और जनरल स्टाफ कोर्स में भाग लिया है और वे हायर कमांड कोर्स,महू और नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली के पूर्व छात्र भी हैं। वह नेवल पोस्टग्रेजुएट स्कूल, मोंटेरी, कैलिफ़ोर्निया, यूएसए से अंतर्राष्ट्रीय रक्षा अधिग्रहण प्रबंधन कोर्स भी उत्तीर्ण हैं। सेवा में उनके शानदार योगदान के लिए लेफ्टिनेंट जनरल सेठ को अति विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित किया गया है।

# सचिवालय की एक इमारत में आग से फर्नीचर और अन्य समान जला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जयपुर में सचिवालय के एक भवन की चौथी मंजिल पर एक कमरे में आग लग गई जिससे कार्यालय का फर्नीचर और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। सचिवालय के सुरक्षा अधिकारी प्रदीप गोयल ने बताया कि सचिवालय की चौथी मंजिल स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में सोशल मीडिया टीम के बंद दफ्तर से बुधवार सुबह धुआं निकलने की सूचना मिलने पर सुरक्षा कर्मियों वहां पहुंचे और आग को बुझाया। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया लगा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है तथा आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। गोयल ने बताया कि आग जिस कमरे में लगी है उसमें मुख्यमंत्री कार्यालय की सोशल मीडिया टीम काम करती है। आग की जानकारी मिलने पर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। इधर भाजपा ने आरोप लगाया कि आग कोई आकस्मिक घटना नहीं बल्कि यह कांग्रेस सरकार के काले 'कारनामे छिपाने' की साजिश का हिस्सा है। पार्टी प्रवक्ता ने कहा कि मामले को लेकर भाजपा चुनाव आयोग को भी शिकायत दर्ज करवाएगी।

## सचिवालय में आग का मामला : बीजेपी ने उठाया सवाल कि आग लगी या लगाई गई

जयपुर। बुधवार सुबह राजधानी जयपुर में सचिवालय स्थित लाइब्रेरी भवन की चौथी मंजिल पर अचानक आग लग गई। आग की वजह से कमरे में रखी फाइलें और फर्नीचर जलकर राख हो गया। जहां पर आग लगी वो कमरा सीएमओ के सोशल मीडिया के स्टाफ के लिए आवंटित है। आग लगने को लेकर बीजेपी ने सवाल उठाया है कि आग लगी है या लगाई गई है।

# ग्रामीण मतदाताओं से जुड़ाव उम्मीदवारों का भाग्य तय करेगा




दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

प्रतापगढ़। सुदूर बरमंडल गांव में अपने खेत की जुताई कर रहे 55 वर्षीय कैलाश कहते हैं कि वह किसानों के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार की कल्याणकारी पहलों से अच्छी तरह वाकिफ हैं, लेकिन यह इस बात की गारंटी नहीं है कि वह आगामी विधानसभा चुनाव में उसे ही वोट देंगे। उन्होंने कहा, उम्मीदवार ऐसा होना चाहिए जो जनता के लिए आसानी से उपलब्ध रहे। वोट डालने से पहले मैं उम्मीदवार में यही पहली चीज देखता हूं। कैलाश कहते हैं कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने महिलाओं को मोबाइल फोन दिए लेकिन वे अब तक सभी को नहीं मिले हैं और जिन्हें नहीं मिले उनमें निराशा है। हालांकि उन्होंने यह भी दावा किया कि चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी योजना से लोगों को फायदा हुआ है। चिरंजीवी योजना से हर परिवार को 25 लाख रुपये तक स्वास्थ्य बीमा मिलता है। उन्होंने कहा, इस क्षेत्र के लोगों के लिए निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराना मुश्किल है। ऐसे में स्वास्थ्य क्षेत्र में कांग्रेस सरकार का काम सराहनीय है।

बरमंडल गांव प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र में आता है। यहां ऐसी सोच रखने वाले कैलाश अकेले नहीं हैं। पीटीआई-भाषा ने जिन अन्य लोगों से बात की, उन्होंने भी इस बात पर जोर दिया कि मतदाताओं के साथ उम्मीदवारों का जुड़ाव तय करेगा कि उनका वोट किसे मिलेगा। एक अन्य किसान बनवारी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के चेहरे से ज्यादा स्थानीय उम्मीदवार का चेहरा मायने रखता है। उन्होंने कहा, लोग मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) में काम चाहते हैं और जरूरत के समय स्थानीय विधायक को उनके साथ खड़ा होना चाहिए। यहां आय के स्रोत सीमित हैं। पुरुष आजीविका कमाने के लिए गुजरात और मध्य प्रदेश जाते हैं जबकि महिलाएं खेतों में काम करती हैं।

उन्होंने कहा, संसाधन सीमित हैं और अगर विधायक आम जनता के लिए आसानी से उपलब्ध रहता है, तो लोगों का काम आसानी से हो जाता है। इसलिए, वे ऐसे व्यक्ति को अपना विधायक बनाना चाहते हैं जो आसानी से जनता के लिए उपलब्ध हो। शर्मा ने कहा कि यहां के लोगों की जरूरतें सीमित हैं लेकिन वे चाहते हैं कि सड़कों की मरम्मत और सरकार से संबंधित अन्य जरूरी काम आसानी से हो जाएं।

साल 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के रामलाल मीणा ने प्रतापगढ़ सीट जीती। उन्होंने छह बार के विधायक और पूर्व मंत्री नंदलाल के बेटे हेमंत मीणा को हराया था। इससे पहले लंबे समय तक यह सीट भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की गढ़ मानी जाती रही। नंदलाल ने 1980 में और फिर 1993 से 2018 तक लगातार इस सीट से जीत हासिल की। इस सीट से इस बार भी रामलाल मीणा और हेमंत मीणा एक दूसरे के खिलाफ मैदान में हैं। कांग्रेस के रामलाल मीणा को विश्वास है कि वह फिर जीतेंगे। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल इलाकों में 'अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना' काफी लोकप्रिय रही है। रामलाल ने कहा, आसमान छूती महंगाई ने गरीबों पर भारी बोझ डाल दिया है। यहां के लोगों के पास सीमित आय और संसाधन हैं। जब सरकार ने मुफ्त भोजन पैकेट योजना शुरू की, तो लोगों ने इसे बहुत सराहा। वहीं हेमंत मीणा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के उनके प्रतिद्वंद्वी भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं। उन्होंने कहा,रामलाल मीणा ने केवल पैसे कमाए हैं और कुछ नहीं किया।

# जयपुर साहित्य महोत्सव के 17वें सत्र के वक्ताओं की दूसरी सूची जारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/जयपुर। जयपुर साहित्य महोत्सव (जेएलएफ) की बुधवार को घोषित 25 वक्ताओं की दूसरी सूची में बुकर पुरस्कार विजेता डेमन गलगुट, मशहूर ब्रिटिश उपन्यासकार डायना इवांस और 'द पैलेस ऑफ इल्यूजन्स' की लेखिका चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी शामिल हैं। 'पृथ्वी पर सबसे बड़ा साहित्य महोत्सव' करार दिए गए जेएलएफ का 17वां संस्करण अगले साल 1-5 फरवरी तक होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में होगा।दूसरी सूची में पुलित्जर पुरस्कार विजेता लेखक हर्नान डियाज और काई बर्ड, पत्रकार-कला समीक्षक केटी कितामुरा, ब्रिटिश कला इतिहासकार ल्यूक सिसनकेली दोरजी, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री मैल्कम टर्नबुल एसी और मशहूर गीतकार गुलजार शामिल हैं। बयान में कहा गया, 25 वक्ताओं की दूसरी सूची में एक विविध और विद्वान वक्ताओं की मौजूदगी है, जिसमें कवि, अनुवादक और 'लाइक ब्लड ऑन द बिटन टंग : दिल्ली पोयम्स' और 'हाउ मैनी कंट्रीज डज द इंडस क्रॉस' के लेखक अखिल कात्याल भी शामिल हैं। सूची में 'द राइट टू सेक्स' की लेखिक अमिया श्रीनिवासन, तिब्बत और हिमालय की बौद्ध परंपराओं के विद्वान एंड्रयू क्विंटमैन, प्रमुख भारतीय कवि और साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता अरुंधति सुब्रमण्यम और 'लेसन्स इन केमिस्ट्री' से साहित्य की दुनिया में कदम रखने वाले बोनी गार्मस भी शामिल हैं।

# देश में समस्या का पर्याय बन चुकी है कांग्रेसः योगी आदित्यनाथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जयपुर/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश में समस्या का पर्याय बन चुकी है। इसके साथ ही आदित्यनाथ ने राजस्थान में कानून-व्यवस्था को लेकर भी राज्य की कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा। वह तिजारा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी व सांसद बाबा बालकनाथ द्वारा नामांकन दाखिल किए जाने के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।

आदित्यनाथ ने आरोप लगाया, 'राजस्थान की गौरवशाली परंपरा को कांग्रेस अपनी प्रकृति के अनुरूप कलंकित करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रही है। मुझे आश्चर्य होता है कि कांग्रेस देश के अंदर समस्या का नाम (पर्याय) बन चुकी है। कांग्रेस देश की हर समस्या का नाम (पर्याय) है।'उन्होंने कहा, 'देश जिन समस्याओं का समाधान एक एक कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आज कर रहा है वे सभी समस्याएं कांग्रेस की देन हैं।'

आदित्यनाथ ने कहा कि समस्या का समाधान करने का नाम ही 'डबल इंजन' की सरकार है।उन्होंने कहा,' जहां जहां भारतीय जनता पार्टी की 'डबल इंजन' की सरकार है वहां सुरक्षा, समृद्धि और विकास है तथा वहां बिना भेदभाव के शासन की योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके को उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है।'

केंद्र सरकार की उज्ज्वला सहित अन्य योजनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो कहा करके दिखाया है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा, यह तुष्टिकरण का खेल कब तक चलेगा? मैं पूछना चाहता हूं एक तरफ आप गौ तस्करों को महिमा मंडित करते हैं और दूसरी तरफ पूज्य संतों के आश्रम पर बुलडोजर चलाते हैं। ये कैसे स्वीकार किया जा सकता है? यहां पर संतों की हत्या होती है, गोतस्करी व गोकशी होती है। मां बेटियां सुरक्षित नहीं हैं। व्यापारी की संपत्ति पर कोई भी गुंडा आकर कब्जा कर लेता है।'

बाबा बालकनाथ ने तिजारा विधानसभा क्षेत्र से बुधवार को नामांकन दाखिल कर दिया।

## मिजोरम की शांति और विकास के लिए कांग्रेस को वोट दें राज्य के लोगः सोनिया



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने बुधवार को एक वीडियो संदेश के माध्यम से मिजोरम की जनता से विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के पक्ष में मतदान करने की अपील की और आरोप लगाया कि प्रदेश की दो पार्टी-मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) तथा जोराम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लिए प्रवेश द्वार की तरह हैं।उन्होंने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर देश में एकरूपता थोपने के प्रयास का भी आरोप लगाया और कहा कि इससे लोकतंत्र के लिए खतरा पैदा हुआ है।

गांधी ने मणिपुर हिंसा के मामले को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर पूरी तरह से चुप्पी साध लेने का आरोप लगाया और कहा कि हिंसा के छह महीने बीतने के बावजूद उन्होंने कुछ घंटों के लिए भी मणिपुर का दौरा करना उचित नहीं समझा। उन्होंने वीडियो संदेश में कहा, ''मिजोरम का मेरे दिल में विशेष स्थान है। मैंने कई बार मिजोरम का दौरा किया। आपकी परंपरा और संस्कृति, आपकी भूमि की सुंदरता एवं समृद्धि ने मेरे ऊपर गहरी छाप छोड़ी है। मैं आज तक आपका स्नेह व अपनापन नहीं भूली हूं।'' कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष ने इस बात को याद किया कि उन्होंने ऐतिहासिक मिजो करार के तत्काल बाद अपने परिवार के साथ मिजोरम का दौरा किया था।



## नीतीश ने मंत्रियों से कहा- सरकार की उपलब्धियों का श्रेय अपने दलों को न दें

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंत्रियों द्वारा राज्य की गठबंधन सरकार की उपलब्धियों का इस्तेमाल अपने-अपने दलों की छवि चमकाने के लिए करने पर बुधवार को नाखुशी जताई। कुमार ने बिहार स्टेट पावर (होल्डिंग) कंपनी लिमिटेड के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में यह टिप्पणी की। इस कार्यक्रम में उन्होंने लगभग 14,000 करोड़ रुपये की बिजली परियोजनाओं का अनावरण किया। राज्य में सात दलों के महागठबंधन की सरकार है।

जनता दल (यू) के नेता एवं बिजली मंत्री बिजेंद्र यादव और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तथा राजस्व व भूमि सुधार मंत्री आलोक मेहता समेत अन्य लोगों ने इस कार्यक्रम में शिरकत की। कुमार ने किसी का नाम लिए बिना कहा, मैंने देखा है कि मेरे कई मंत्री सुर्खियां बटोरने के चक्कर में सरकार के अच्छे काम का श्रेय अपनी ही पार्टियों को दे देते हैं। यह उचित नहीं है। जब भी मैं बिहार में किए गए किसी अच्छे काम का जिक्र करता हूं तो मैं इसे अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि के रूप में नहीं बताता हूं।

इसी तरह, सभी मंत्रियों को यह याद रखना चाहिए कि उन्हें समग्र रूप से सरकार को श्रेय देना चाहिए न कि अपनी पार्टियों को। जद (यू) और राजद के अलावा, राज्य मंत्रिमंडल में कांग्रेस के मंत्री भी हैं। कुमार की पार्टी पिछले साल भाजपा के साथ नाता तोड़कर बहुदलीय महागठबंधन में शामिल हो गई थी। विपक्ष अक्सर दावा करता रहा है कि महागठबंधन के घटक दलों में विश्वास की कमी है। अपने भाषण में, कुमार ने अपने मंत्री बिजेंद्र यादव की भी प्रशंसा की, जिन्होंने करीब दो दशकों से बिजली विभाग का जिम्मा संभाल रहे हैं।

## नोएडा में विभिन्न जगहों से मादक पदार्थ, अवैध हथियार बरामद, 10 बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा (उप्र)/भाषा।** गौतम बुद्ध नगर जिले में विभिन्न जगहों से पुलिस ने मादक पदार्थ और अवैध हथियार बरामद किए हैं तथा इस संबंध में 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सेक्टर 63 के थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि मंगलवार रात को गश्त के दौरान पुलिस ने एक सूचना के आधार पर ननकू नामक युवक के पास से 1.2 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

वहीं, सूरजपुर के थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मंगलवार रात को गश्त पर निकले उप निरीक्षक आलोक कुमार ने एक सूचना के आधार पर दीपक तथा जितेंद्र को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने 40 पव्वा अवैध शराब बरामद किया है। थाना प्रभारी ने बताया कि ये लोग काफी दिनों से अवैध रूप से शराब बेचने के धंधे में लिप्त थे। जेवर थाना क्षेत्र के खुर्जा अंडरपास के निकट आबकारी विभाग ने एक व्यक्ति के पास से अवैध शराब बरामद की जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि आबकारी निरीक्षक नामवर सिंह ने एक सूचना के आधार पर खुर्जा अंडरपास के पास से आशु नामक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

## ध्रुवीकरण के अलावा भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं : रमेश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**रायपुर/भाषा।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने भारतीय जनता पार्टी पर ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में उनके (भाजपा के) पास इसके अलावा कोई मुद्दा नहीं है, लेकिन राज्य के लोग ऐसी विभाजनकारी विचारधारा को कतई स्वीकार नहीं करेंगे।

पार्टी के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की नीतियां छत्तीसगढ़ के लोगों के हित में नहीं हैं।उन्होंने कहा, ''छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन हो गई है। उसके पास राज्य में ध्रुवीकरण के अलावा कोई मुद्दा नहीं है। राज्य में केंद्रीय गृहमंत्री और असम के मुख्यमंत्री के भाषणों में केवल ध्रुवीकरण का मुद्दा उठा।'' रमेश ने कहा, ''कांग्रेस पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग को एक ज्ञापन सौंपकर छत्तीसगढ़ में रैलियों के दौरान दिए गए बयानों के लिए केंद्रीय गृहमंत्री (अमित शाह) और असम के मुख्यमंत्री (हिमंत विश्व शर्मा) के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है और निर्वाचन आयोग ने उन्हें नोटिस जारी किये हैं।''उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री.. सभी ध्रुवीकरण के मुद्दे को बढ़ावा देने के लिए समान मानसिकता के साथ चुनाव प्रचार में उतर रहे हैं। कांग्रेस पार्टी इससे डरेगी नहीं और इसके खिलाफ लड़ेगी। भाजपा और आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) विभाजनकारी राजनीति में विश्वास करते हैं तथा सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने और वोट हासिल करने के लिए लोगों को धर्म, जाति और भाषा के आधार पर विभाजित करने की कोशिश करते हैं। वे उत्तर प्रदेश, राजस्थान और मध्य प्रदेश में भी यही काम कर रहे हैं।''

पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश ने दावा किया कि मणिपुर में जो कुछ भी हुआ वह उसी विभाजनकारी राजनीति का नतीजा है। छत्तीसगढ़ चुनाव में कांग्रेस की जीत पर भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा, ''लोग विभाजनकारी और ध्रुवीकरण की विचारधारा को स्वीकार नहीं करेंगे।'' रमेश ने प्रधानमंत्री और गृहमंत्री पर राज्य के लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने नगरनार इस्पात संयंत्र का निजीकरण न किये जाने की बात कही है, लेकिन उसे बेचने का प्रयास किया जा रहा है।

## कांग्रेस ने मणिपुर संबंधी बयान को लेकर रक्षा मंत्री पर निशाना साधा

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा मणिपुर के राजनीतिक दलों पर हिंसा को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाए जाने के बाद उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह ''अपनी नौकरी बचाने की कोशिश कर रहे हैं।'' कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा क्यों नहीं किया और शांति बहाल करने में विफल रहने के बावजूद मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अपने पद पर क्यों बने हुए हैं? उन्होंने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''हम सभी जानते हैं कि ऐसी बातें कहने की रक्षा मंत्री की मजबूरी है ताकि वह अपनी नौकरी बचा सकें। दो सबसे प्रासंगिक प्रश्न हैं कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं गए और मणिपुर के मुख्यमंत्री अब भी पद पर क्यों हैं?''

राजनाथ सिंह ने मणिपुर में मेइती और कुकी समुदायों से अपील की कि वे परस्पर बने 'अविश्वास' के माहौल को खत्म करने के लिए साथ बैठें और 'दिल' से बात करें। मिजोरम के दक्षिणी हिस्से में और म्यामां सीमा के नजदीक आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है और मणिपुर के दोनों समुदायों को स्थिति सुधारने के लिए एक-दूसरे से बातचीत करनी चाहिए।

## झारखंड में राकांपा के एकमात्र विधायक ने हेमंत सोरेन सरकार से समर्थन वापस लिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**रांची/भाषा।** झारखंड में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एकमात्र विधायक कमलेश सिंह ने बुधवार को हुसैनाबाद को अलग जिला नहीं बनाने पर राज्य की हेमंत सोरेन नीत सरकार से अपना समर्थन वापस लेने की घोषणा की।

सिंह ने चेतावनी दी थी कि अगर 31 अक्टूबर तक पलामू जिले के उपमंडल हुसैनाबाद को अलग जिला नहीं बनाया गया तो वह सरकार से अपना समर्थन वापस ले लेंगे।

हुसैनाबाद के विधायक सिंह ने कहा कि उनकी पार्टी ने 2020 में झामुमो के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार को इस शर्त पर समर्थन दिया था कि उप-मंडल को एक जिला बनाया जाएगा।उन्होंने कहा, ''हुसैनाबाद की जनता सरकार से हार गयी है। उनकी लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी नहीं हुई है। इसलिए सरकार के साथ रहने का कोई मतलब नहीं है।'' महाराष्ट्र में राकांपा के भीतर खींचतान के बाद, सिंह अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट का हिस्सा बन गए, जो भाजपा के साथ है। वह हालांकि झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बने रहे, जिसमें झामुमो, राजद और कांग्रेस शामिल हैं। सिंह ने आरोप लगाया कि सोरेन सरकार के कुशासन से राज्य की जनता त्रस्त है। यह लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने में विफल रही है। राकांपा कार्यकर्ता झारखंड में गठबंधन सरकार को बेनकाब करेंगे।

## बरेली में गैस प्लांट में रिसाव : एक मजदूर की मौत, चार बेहोश

**बरेली (उप्र)/भाषा।** बरेली जिले के बिथरी चैनपुर क्षेत्र में एक निजी बायोगैस प्लांट में गैस का रिसाव होने के कारण एक मजदूर की मौत हो गयी तथा चार अन्य बेहोश हो गए। जिला प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिये हैं। उपजिलाधिकारी (सदर) रतनिका श्रीवास्तव ने बुधवार को बताया कि बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर रामनाथ गांव में एक निजी बायोगैस प्लांट में मंगलवार देर रात अचानक गैस का रिसाव शुरू हो गया।उन्होंने बताया कि इसके सम्पर्क में आने पर पांच मजदूर बेहोश हो गये जिन्हें आनन-फानन में शहर के एक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान शिव कुमार (20) की मौत हो गई। वह बिहार के वैशाली जिले का रहने वाला था।उन्होंने बताया कि गैस रिसाव के सम्पर्क में आने से बेहोश हुए चार अन्य मजदूरों का इलाज किया जा रहा है। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जांच के आदेश कर दिए गये हैं।

## अर्थव्यवस्था के बाद पदक तालिका में भी पांचवें नंबर पर पहुंचा भारत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पैरा एशियाई खेलों में भारत के प्रदर्शन को अभूतपूर्व बताते हुए इसकी तुलना देश की अर्थव्यवस्था में आये बदलाव से की और कहा कि देश पिछले नौ साल में अर्थव्यवस्था में दसवें से पांचवें नंबर पर पहुंचा और आपने भी पदक तालिका में देश को 15वें से पांचवें नंबर पर पहुंचा दिया ।

प्रधानमंत्री मोदी ने हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 111 पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों से कहा,'' आपके ये 111 पदक दरअसल 140 करोड़ सपने हैं । 2014 में एशियाई पैरा खेलों में भारत के पदकों से यह तीन गुना अधिक है । 2014 में हम पदक तालिका में 15वें स्थान पर थे लेकिन इस बार शीर्ष पांच में हैं । देश नौ साल में अर्थव्यवस्था में दसवें से पांचवें नंबर पर पहुंचा और आपने भी पदक तालिका में पांचवें नंबर पर पहुंचा दिया ।'' अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत विश्व अर्थव्यवस्था रैंकिंग में अमेरिका, चीन , जापान और जर्मनी के बाद पांचवें स्थान पर है । प्रधानमंत्री ने कहा,''मैं आप सभी को बधाई देना चाहता हूं । आप लोग चीन में खेल रहे थे लेकिन मैं भी आपके साथ था । मैं हर पल आपकी हर गतिविधि को, आपके प्रयासों को, आत्मविश्वास को यहां बैठे जी रहा था।'' उन्होंने कहा कि उनकी सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता देने के लिये प्रतिबद्ध है । प्रधानमंत्री ने कहा ,'' पहले कहा जाता था कि खिलाड़ी सरकार के लिये है लेकिन अब कहा जाता है कि सरकार खिलाड़ियों के लिये है । जब सरकार खिलाड़ियों के संघर्ष और उनके सपनों को समझती है तो इसका सीधा प्रभाव सरकार की नीतियों और सोच में भी दिखता है । देश में अच्छे खिलाड़ी पहले भी थे लेकिन उनका सहयोग करने वाली नीतियां नहीं थी ।'' उन्होंने कहा ,'' पिछले नौ साल में देश उस पुरानी सोच और व्यवस्था से बाहर निकल आया है । आज देश में कई ऐसे खिलाड़ी है जिन पर चार पांच करोड़ खर्च किये जा रहे हैं। अब सरकार की सोच खिलाड़ियों पर केंद्रित है और आने वाले समय में आपके जैसे कई और विजेता देश को मिलेंगे। हमारी सरकार आपके साथ है, देश आपके साथ है । अगर आप मरी पड़ी सोच से चलते हैं तो न दुनिया को चला सकते हैं और न ही कोई सिद्धी प्राप्त कर सकते हैं।''

## टैगोर भावना हैं, उनकी यादों को मिटाया नहीं जा सकताः विश्वभारती पट्टिका विवाद पर राज्यपाल ने कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने बुधवार को कहा कि रवींद्रनाथ टैगोर एक भावना हैं तथा उनकी यादों को न तो मिटाया जा सकता है और न ही नजरअंदाज किया जा सकता है।

बोस ने यह टिप्पणी टैगोर द्वारा स्थापित विश्वभारती को यूनेस्को की ओर से विश्व धरोहर का दर्जा मिलने के बाद लगाई गई पट्टिका को लेकर उत्पन्न विवाद के बारे में संवाददाताओं द्वारा पूछे गए सवाल के बाद की।

बीरभूम जिले के शांतिनिकेतन में स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय परिसर में लगाई गई पट्टिका में टैगोर के नाम का उल्लेख नहीं है जबकि कुलाधिपति होने के नाते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुलपति बिद्युत चक्रवर्ती का नाम है। विश्वविद्यालय के रेक्टर की भूमिका निभा रहे बोस ने एक कार्यक्रम से इतर कहा, ''टैगोर एक अनुभूति हैं, वह भारतीयों के खून और दिलों में बहने वाली भावना हैं। ऐसा कोई क्षण नहीं हो सकता जब टैगोर की यादों को भुलाया या नजरअंदाज किया जा सके।''

करीब एक सदी पहले साहित्य के लिए नोबेल पुरस्कार से सम्मानित टैगोर ने विश्व भारती की स्थापना की थी। इस साल सितंबर में यूनेस्को ने इसे विश्व धरोहर का दर्जा दिया था।

तृणमूल कांग्रेस संबंधित पट्टिका हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रही है।

## त्रिपुरा : गैरकानूनी तरीके से भारत में प्रवेश करने पर छह बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला/भाषा।** त्रिपुरा के अगरतला में स्थित महाराजा बीर बिक्रम हवाई अड्डे पर भारत में कथित रूप से गैरकानूनी तरीके से प्रवेश करने के लिए बांग्लादेश के छह नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान मोहम्मद नील इस्लाम (22), रत्न रबिदास (21), मोहम्मद जोनी मिया (18), सिफात मिया (20), मेहदी जसन (20) और स्वप्न मिया (26) के रूप में हुई है और सभी पड़ोसी देश के विभिन्न हिस्सों से संबंध रखते हैं।

हवाई अड्डा थाने के प्रभारी अधिकारी अभिजीत मंडल ने बताया कि मंगलवार रात को छह लोगों को हवाई अड्डे पर घूमते हुए देखा गया और जब ड्यूटी पर तैनात अधिकारी ने उनसे वैध दस्तावेज दिखाने को कहा तो वे ऐसा करने में विफल रहे। बांग्लादेशी नागरिकों को गैर कानूनी तरीके से भारतीय सरजमीं पर प्रवेश करने के लिए गिरफ्तार किया है। शुरुआती जांच में यह पाया गया कि वे कोलकाता जाने की योजना बना रहे थे।

## नाबालिग लड़कियों की तस्करी कर उन्हें बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार

**संभल (उप्र)/भाषा।** संभल जिले में पुलिस ने नाबालिग लड़कियों की तस्करी करने वाले कथित गिरोह का बुधवार को भंडाफोड़ करते हुए एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक (एसपी) कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने बहजोई थाना क्षेत्र में कैला देवी चौराहे के पास कप्तान नामक व्यक्ति और उसकी पत्नी विनीता को पकड़कर उनके कब्जे से 14 साल की एक लड़की को मुक्त कराया। उनके मुताबिक, अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वे उस लड़की को दिल्ली के एक रेलवे स्टेशन से बहला-फुसलाकर लाये थे और उसे श्रीपाल नामक व्यक्ति को 20 हजार रुपये में बेचने की योजना थी। गिरोह नाबालिग लड़कियों की तस्करी करता है। गुनावत ने बताया कि पकड़े गये दम्पति की निशानदेही पर पुलिस ने श्रीपाल और गिरोह में उसके साथी राम अवतार को भी गिरफ्तार कर लिया है। सभी अभियुक्तों से गहन पूछताछ की जा रही है ताकि उनके द्वारा पूर्व में की गयी ऐसी ही अन्य वारदातों के बारे में जानकारी मिल सके।

# भारत के आखिरी लीग मैच से पहले पंड्या की वापसी मुश्किल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** भारत के स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या 12 नवंबर को नीदरलैंड के खिलाफ बेंगलूरु में टीम के आखिरी लीग मैच से पहले वापसी नहीं कर सकेंगे । पंड्या को 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अपनी ही गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण के दौरान चोट लगी थी । वह न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सके और बृहस्पतिवार को श्रीलंका तथा पांच नवंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी नहीं खेल पायेंगे । भारत को आखिरी लीग मैच नीदरलैंड से 12 नवंबर को बेंगलूरु में खेलना है ।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा ,'' वह तेजी से ठीक हो रहा है और आखिरी लीग मैच खेल सकेगा । यह भी संभव है कि वह सीधे सेमीफाइनल खेले ।'' अभी तक सारे छह मैच जीतने वाली भारतीय टीम का सेमीफाइनल में प्रवेश तय है । पंड्या की कमी पूरी करने के लिये टीम में छठे नंबर पर उनकी जगह सूर्यकुमार यादव को उतारा गया है जबकि पांच गेंदबाज खेल रहे हैं । मोहम्मद शमी के शानदार फॉर्म को देखते हुए टीम को बतौर गेंदबाज पंड्या की कमी नहीं खली है लेकिन टीम के संतुलन के लिये उनका होना बहुत जरूरी है।

## विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगे विली



**बेंगलूरु/भाषा।** इंग्लैंड के हरफनमौला डेविड विली ने बुधवार को कहा कि वह विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे । उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि उनके फैसले का विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन से कोई सरोकार नहीं है । इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक सप्ताह पहले उन्हें 2023 . 24 के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा था । विली ने इंस्टाग्राम पर कहा ,'' मैं नहीं चाहता था कि यह दिन आये । बचपन से मैने सिर्फ इंग्लैंड के लिये क्रिकेट खेलने का ही सपना देखा था । काफी सोच विचारकर और बड़े खेद के साथ मुझे लग रहा है कि वह समय आ गया है कि विश्व कप के बाद क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कह दूं ।''उन्होंने कहा ,'' मैने हमेशा इंग्लैंड के लिये खेलने में गर्व अनुभव किया है । मैं खुशकिस्मत हूं कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ खेल सका।''

## वनडे क्रिकेट में पहली बार नंबर एक गेंदबाज बने शाहीन अफरीदी



**कोलकाता/भाषा।** पाकिस्तान के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी बुधवार को एक दिवसीय क्रिकेट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए जो उनके कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है । अफरीदी ने सात पायदान की छलांग लगाकर आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पछाड़ा। बांग्लादेश के खिलाफ पाक की जीत में अफरीदी ने 23 रन देकर 3 विकेट लिये । इसी मैच में उन्होंने 100वां वनडे विकेट भी लिया । उन्होंने 51 मैचों में इस आंकड़े को छुआ और सबसे तेजी से वनडे विकेटों का शतक पूरा करने वाले वह तीसरे गेंदबाज और पहले तेज गेंदबाज बन गए । इस विश्व कप में वह सात मैचों में 16 विकेट लेकर आस्ट्रेलिया के एडम जाम्पा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं ।

## असम टीम को 'दूसरे दर्जे के नागरिक' कहने पर अशोक मल्होत्रा ने माफी मांगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मोहाली/भाषा।** असम के क्रिकेटरों को 'दूसरे दर्जे का नागरिक' कहने वाले भारत के पूर्व क्रिकेटर अशोक मल्होत्रा ने अपने इस अपमानजनक बयान के लिये माफी मांग ली है । मल्होत्रा ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी प्री क्वार्टर फाइनल में यहां मंगलवार को असम के हाथों बंगाल की अप्रत्याशित हार के बाद यह बयान दिया था ।

बंगाल के कोच रहे मल्होत्रा ने कहा था ,'' हमारे जमाने में असम की टीम को दूसरे दर्जे के नागरिक माना जाता था ।''

भारत के लिये सात टेस्ट और 20 वनडे खेल चुके मल्होत्रा ने मामले पर विवाद तूल पकड़ने के बाद अगले दिन एक्स पर माफी मांगते हुए कहा ,'' अगर असम के लोगों की भावनाओ को मेरे बयान से ठेस पहुंची है तो मैं माफी मांगता हूं । मैं शर्मिंदा हूं । यह जानबूझकर नहीं गया गया । मैं बिना किसी शर्त के माफी मांगता हूं ।'' मैच में असम के कप्तान रियान पराग ने लगातार सातवां अर्धशतक जमाया और कमेंट्री बॉक्स की तरफ उनके इशारे से साफ था कि वह मल्होत्रा के बयान से खफा हैं।

## सुविचार

**न जाने क्यों हम करते हैं भरोसा गैरों पर, जबकि पूरी ज़िन्दगी चलनी हैं, अपने ही पैरो पर।**

### दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# अनुचित और अक्षम्य

केरल में कोच्चि के पास कलमश्शेरी में एक 'कन्वेंशन सेंटर' में प्रार्थना सभा के दौरान धमाके की घटना कई सवाल खड़े करती है। इसके आरोपी ने बाद में सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी पोस्ट कर दिया और घटना को अंजाम देने की 'वजह' बताई। यह मामला चौंकाता भी है, क्योंकि आमतौर पर जब कोई अपराधी ऐसा कृत्य करता है तो उसकी कोशिश यही होती है कि वह कानून की नजरों में न आए। अगर ऐसी घटना के पीछे कोई गिरोह या आतंकवादी संगठन होता है तो वह अपनी दहशत फैलाने के लिए फोन पर जिम्मेदारी लेता है। लेकिन केरल का यह मामला साल 2022 के राजस्थान के कन्हैया लाल हत्याकांड से काफी समानता रखता है। उस मामले के आरोपियों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर जिम्मेदारी कबूली थी। वे कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित थे। उनका मानना था कि अगर उनकी नजरों में कोई 'अपराधी' है तो उसे ज़िंदा रहने का अधिकार नहीं है। 'कन्वेंशन सेंटर' में धमाके के आरोपी डोमिनिक मार्टिन ने भी दावा किया था कि 'यहोवा के साक्षी' और उसकी विचारधारा (उसके नजरिए के मुताबिक) देश के लिए खतरनाक हैं और इसलिए राज्य में उनकी मौजूदगी खत्म करनी होगी। यही नहीं, वह इस संगठन को 'अपनी शिक्षाओं' में सुधार करने के लिए नसीहत दे चुका था, लेकिन जब उसकी मर्जी के मुताबिक काम नहीं हुआ तो उसने खतरनाक कदम उठा लिया! अगर किसी संगठन की शिक्षाएं पसंद नहीं हैं या सहमत नहीं हैं तो बेहतर तरीका यही है कि उससे संबंध तोड़ लें, दूर रहें। अगर उन 'शिक्षाओं' में ऐसी बातें पाते हैं, जो किसी की आस्था को ठेस पहुंचाती हैं या देश के लिए हानिकारक हैं तो पुलिस या संबंधित एजेंसियों को सूचित किया जा सकता है। लेकिन उसकी सभा में लोगों के जीवन को नुकसान पहुंचाने का कदम अनुचित और अक्षम्य है।

> **डोमिनिक मार्टिन के बारे में अब तक जो बातें सामने आई हैं, उनसे प्रतीत होता है कि यह शख्स न केवल कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित है, बल्कि बेहद शातिर भी है।**

डोमिनिक मार्टिन के बारे में अब तक जो बातें सामने आई हैं, उनसे प्रतीत होता है कि यह शख्स न केवल कट्टरपंथी विचारधारा से प्रभावित है, बल्कि बेहद शातिर भी है। यह पहले खाड़ी देश में नौकरी करता था, जहां उसका वेतन काफी अच्छा था। दुनियाभर से लाखों लोग खाड़ी देशों में नौकरी करने जाते हैं। उनका सपना होता है कि अच्छी कमाई के साथ वहां ज़िंदगी का लंबा अरसा गुजारें, लेकिन मार्टिन वह नौकरी छोड़कर आ गया था! क्या यह वहां किसी कट्टरपंथी विचारधारा के संपर्क में आया था या उसका पहले से ही उसकी ओर झुकाव था? यह मामला क्षणिक भावावेश में आकर किए गए अपराध का नहीं है, क्योंकि मार्टिन ने अपनी गिरफ्तारी के बाद जो 'खुलासे' किए, उनसे पता चलता है कि उसने पहले पूरी साजिश रची, उसके बाद विस्फोटक सामग्री जुटाकर तैयारी की। आखिर में धमाका किया और वीडियो बनाकर जिम्मेदारी ली। उसने विस्फोटक सामग्री खरीदने के बिल भी पेश किए हैं। यह शख्स इलेक्ट्रॉनिक्स की अच्छी जानकारी रखता है। न्यायालय ने उससे कई बार कहा कि वह कानूनी सहायता ले, लेकिन उसने इससे इन्कार किया और कहा कि वह अपने मामले की पैरवी खुद करेगा! हो सकता है कि यह भी प्रचार पाने के लिए उसका एक पैंतरा हो। जांच अधिकारियों को इस मामले में डोमिनिक मार्टिन के खिलाफ जो सबूत मिले हैं, उनके आधार पर माना जा रहा है कि उसके बरी होने की गुंजाइश कम ही है। चूंकि घटना में तीन लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 50 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। आरोपी ने अपना अपराध सोशल मीडिया पर कबूल भी कर लिया है। अब जांच अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि वे पुख्ता सबूत जुटाएं तथा न्यायालय में दोषसिद्धि कराकर पीड़ितों को न्याय दिलाएं।

## ट्वीटर टॉक



चुनाव के समय गारंटियों पर गारंटियां की बात करने वाली गहलोत जी की सरकार की पुनर्वापसी की ही कोई गारंटी नहीं। प्रदेश की जनता जानती है हमें पांच साल तक पूरे शासन काल में राहत देने वाली सरकार चाहिए, झांसेबाज, धोखेबाज, भ्रष्टाचार वाली कांग्रेस सरकार नहीं।

**–सीपी जोशी**



सनातन संस्कृति में तिथि का बड़ा महत्व है। पंचांग के अनुसार आज परम श्रद्धेय राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी की 104वीं जयंती है। इस अवसर पर लोकहित एवं राष्ट्रसेवा के लिए जीवन समर्पित कर देने वाली अम्मा महाराज का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

**–वसुंधरा राजे**



पोकरण से भाजपा प्रत्याशी आदरणीय महन्त श्री प्रतापपुरी जी महाराज के नामांकन अवसर पर उपस्थित रहा। वहाँ उमड़े जनसैलाब ने बता दिया मोदी जी के नाम की लहर है और जीत तय है। वहाँ हुई सभा को केन्द्रीय विधि मंत्री श्री अर्जुनराम मेघवाल के साथ संबोधित किया।

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**

## प्रेरक प्रसंग

# विवेक दृष्टि

एक संत धर्म प्रचारार्थ कहीं जा रहे थे। उन्होंने रास्ते में देखा कि एक युवक किसी युवती के साथ छेड़खानी कर रहा है। संत वहीं रुक गए। युवक को समझाते हुए बोले, 'किसी भी युवती के साथ ऐसा व्यवहार करना अशोभनीय व पाप कर्म है।' उन्होंने युवक के चेहरे पर और ध्यान से दृष्टि गड़ाई, तो उन्हें याद आ गया कि यह तो वही युवक है, जिसे उन्होंने आंखों के अंधेपन से मुक्ति दिलाई थी। संत जी को अपनी ओर निहारते देखकर युवक भी उन्हें पहचान गया। युवक उनके चरणों में गिर पड़ा और बोला, 'महाराज! मैं वही हूं, जिसे आपने आंखों की ज्योति दिलाई थी। यदि मुझे नेत्र दृष्टि के साथ–साथ विवेक दृष्टि भी मिल जाती तो मैं इस पाप–कर्म की ओर उद्यत कदापि नहीं होता।' संतजी ने उसी समय संकल्प ले लिया कि वे मरीजों की सहायता करने के साथ–साथ उन्हें धर्म मार्ग पर चलने, संयम व सादगी का जीवन जीने का उपदेश भी देते रहेंगे।

## सामयिक

# रिश्तों की अंधी दुनिया में गुम होती किशोर पीढ़ी

**ललित गर्ग**

मोबाइल : 9811051133

सोशल मीडिया, मोबाइल एवं संचार–क्रांति से दुनिया तो सिमटती जा रही लेकिन रिश्तों में फासले बढ़ते जा रहे हैं। भौतिक परिवर्तनों, प्रगति के आधुनिक संसाधनों एवं तथाकथित नये जीवन का क्रांतिकारी दौर हावी हैं। लेकिन हम सामाजिक–पारिवारिक–सांस्कृतिक प्रभावों के प्रति उतने सजग नहीं है जितना बदलावों की आंधी के दौर में होना चाहिए। मोबाइल ने छीन रखा है सबका सुकून, जीवन का आनन्द एवं शांत एवं संतुलित जीवन का स्रोत। व्हाट्सअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम ने चला रखा है अजीब जादू? हाथ में मोबाइल, सामने लगा रहे टीवी– बस यहीं बन चुकी है सबकी जिन्दगी। आज किसी भी घर के वातायन में झांककर देख लें–दुःख, चिन्ता, कलह, ईर्ष्या, घृणा, उन्मुक्तता, पक्षपात, विरोध, विद्रोह एवं रुखापन के साये चलते हुए दीखेंगे। अपनों के बीच भी परायेपन का अहसास पसरा हुआ। बड़ी चुनौतीपूर्ण स्थिति है, खुद पर तरस खाओ, रिश्तों को सम्भालों वरना अकेले रह जाओगे, जिन्दगी भर पछताओगे। ऐसे ही एक अभिभावक के लिये पछतावे की स्थिति तब बनी जब उन्होंने अपनी किशोरी को स्मार्ट फोन दिलाया। पिता ने सोचा था कि मोबाइल से पढ़ाई में सहायता होगी। जब उन्होंने देखा कि बेटी पढ़ाई के बजाय अक्सर किसी अजनबी युवक से बात करती है तो टोका। यह बात किशोरी को इतनी नागवार गुजरी कि वह शिकायत लेकर बुधवार को थाने पहुंच गई। माता–पिता की डांट फटकार से नाराज कोई बच्चा यदि थाने पहुंचता है तो इसे बाल अधिकारों के प्रति उसकी जागरूकता से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन लखनऊ की यह किशोरी जिस शिकायत का लेकर थाने पहुंच गई वह अनेक चिंताजनक सवाल खड़े करता है एवं नये बनते सामाजिक सोच की परते उधेड़ता है। बालिका का तर्क है कि माता–पिता मेरी जिंदगी में क्यों दखल दे रहे हैं।

हमारे अनुभव हमारी सोच को गहरे प्रभावित करते हैं। हमारे मूल्य और आदर्श भी इससे प्रभावित होते हैं। नित नए अनुभव हमारे नजरिए में बदलाव करते रहते हैं। अगर निरपेक्ष होकर देखें तो पाएंगे कि कुछ सालों पहले आप जैसे थे, आपकी पारिवारिक दुनिया जितनी खुशनुमा थी, आज उतनी नहीं है। हम अपने स्व को भूल रहे हैं, अपनी संस्कृति एवं पारिवारिक संरचना से दूर होते जा रहे हैं। अपने सिद्धांतों और आदर्शों से समझौता करने लगे हैं। अजीब हालात है कि दूसरों की खबर लेने का वक्त है पर अपनों की होश नहीं। दुनियाभर के दोस्तों से दुआ सलाम सब हो रहा, लेकिन अपने से दूरियां बढ़ती जा रही है। अपनों को पराया और पराया को अपना कर रहे देखिए किस तरह सब हो रहे। साथ होकर भी साथ नहीं, अपनों के लिए वक्त नहीं। तनहा हो गए सब एक ही घर में। साथ अपना

> **सोशल मीडिया एवं स्मार्ट फोन एक ऐसी दुनिया से लोगों को जोड़ रहा है जो नजर से बहुत दूर हैं और उन अपनों से भी दूर कर रहा है जो नजर के सामने हैं। रिश्तों की हो या फिर चीजों की पोटली, इसमें ज्यादातर गैरजरूरी चीजें ही भरने का प्रचलन चल रहा है। अपनी जरूरतों का सामान जोड़ना और उन्हें अपने साथ रखना जरूरी है, पर कुछ भी लिए रहना या किसी भी तरह के रिश्तों को ढोते रहना हमें थका देता है, परेशानी एवं संकट में डाल देता है।**

होकर भी बाहर सब साथी ढूँढ रहे हैं। न सीमाएं है, न संस्कार, न मर्यादा। उच्छृंखलता एवं उन्मुक्तता इस कदर हावी है कि माता–पिता का किसी गलत बात पर डांटना भी बच्चों के लिये अपराध जैसा हो गया है, तभी इसकी शिकायत यानी अपने माता–पिता को ही पुलिस थाने पहुंचा दिया गया और वह भी एक बालिका के द्वारा। प्रश्न है कि किशोर–किशोरियां में अपने माता–पिता के प्रति इस तरह के भाव–विचार–विद्रोह क्यों पैदा हो रहे हैं। बच्चों व अभिभावकों के बीच दूरियां क्यों बढ़ रही है? जवाब हर परिस्थिति में अलग–अलग हो सकते हैं, लेकिन समग्रता का सार यह है कि किसी बच्चे के सकारात्मक विकास के लिए परिवार, पड़ोस और विद्यालय से जो संस्कार मिलने चाहिए, वे नहीं मिल रहे हैं। बल्कि अपसंस्कृति एवं विकारों के प्रति चेतना का भी ह्रास हो रहा है। वास्तव में आज मोबाइल फोन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन इसके उपयोग को लेकर हमें बच्चों को सतर्क करना होगा। बच्चों को फोन दिलाना यदि जरूरत है तो इसके अच्छे–बुरे का संस्कार देना कर्तव्य। वह जिम्मेदारी परिवार, पड़ोस और विद्यालय की सामूहिक है।

माता–पिता इनदिनों सोशल मीडिया पर बह रही रिश्तों की अंधी दुनिया से ज्यादा चिन्तीत एवं परेशान है। क्योंकि वहां पर दिखने वाले खुशनुमा चेहरे वास्तविक जिंदगी में शायद ही उतने खुशनुमा होते हैं। लेकिन किशोर पीढ़ी तस्वीरों को ही सच मानकर खुद को उनमें संलिप्त कर लेती हैं। यह सम्पूर्ण पीढ़ी सच का सामना ही नहीं करना चाहती। दरअसल, सोशल मीडिया की दृष्टि से जब किशोर बड़े हो रहे होते हैं तो उन्हें झूठ से भरी चीजों पर यकीन करना सिखाया जाता है, अपने संस्कृति, अपनी परम्परा एवं अपनी जीवनशैली से एक षडयंत्र के तहत दूर करने की इन कुचेष्ठाओं के प्रति सचेत करना नितान्त अपेक्षित है, भले ही कोई किशोरी पुलिस का डर दिखाये। सोशल मीडिया किशोर पीढ़ी को यह सोचने पर मजबूर करता है कि उनके पास विकल्प नहीं हैं और उन्हें उनके साथ हो रही सभी चीजों को स्वीकार करके उनसे तालमेल बिठा लेना चाहिए। लेकिन, हर चीज इसी तरह से काम नहीं करती। हमारे आसपास कोई भी चीज आदर्श नहीं है और ना ही सोशल मीडिया का तिलिस्मी संस्कार। एक तरह से सोशल मीडिया एक नशा है, एक अभिशाप है, जिसने जीवन के सौन्दर्य को खंडित किया है। जीवन में चमकपूर्ण उदासी एवं तनाव को बिखेरा है। इसके कारण कभी लोग छूट जाते हैं तो कभी वस्तुएं। खुद को संभाले रखना जटिल होता जा रहा है। समझ नहीं आता, करें तो क्या?

पिछले एक दशक में सोशल नेटवर्किंग साइट्स एवं स्मार्ट फोन की लोकप्रियता जबरदस्त बढ़ रही हैं तो जिन्दगी में जहर भी घोल रही है, दुनिया छोटी होती गयी है और पारिवारिक रिश्तों में दूरियां बढ़ती गयी है। लोग अपने जिंदगी के हर पहलू पर अपने लोगों की नहीं पराये लोगों की राय, उनकी पसंद और उनकी रूचि जानना चाहते हैं। वीडियो, संदेश, पिक्चर्स, रिकार्डेड आवाज के जरिए ज्यादा से ज्यादा लोग आपस में जुड़े हैं। परंतु क्या इस बात से आप भी सहमत हैं कि इस जुड़ाव में न तो विश्वास है, न अपनापन है, न आत्मीयता है और न ही असली रूचि, न ही रिश्तों की गर्माहट, बल्कि भौतिक चकाचौंध, प्रतिस्पर्धा और जलन अधिक है? शुरुआत में नई उम्र के लोग सोशल मीडिया से जुड़े और धीरे–धीरे बड़ी उम्र के लोग भी इससे जुड़ते गए, अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में जुड़ चुकी है। मजाक में कहा जाता है कि पूरे परिवार को एक साथ बातचीत के लिए इकट्ठा करना हो तो वाई फाई थोड़ी देर के लिए बंद कर दो।

सोशल मीडिया एवं स्मार्ट फोन एक ऐसी दुनिया से लोगों को जोड़ रहा है जो नजर से बहुत दूर हैं और उन अपनों से भी दूर कर रहा है जो नजर के सामने हैं। रिश्तों की हो या फिर चीजों की पोटली, इसमें ज्यादातर गैरजरूरी चीजें ही भरने का प्रचलन चल रहा है। अपनी जरूरतों का सामान जोड़ना और उन्हें अपने साथ रखना जरूरी है, पर कुछ भी लिए रहना या किसी भी तरह के रिश्तों को ढोते रहना हमें थका देता है, परेशानी एवं संकट में डाल देता है।

जरूरी कामों को किनारे कर कई बार जिंदगी को मुश्किल बना देता है। जबकि आत्मीय एवं पारिवारिक रिश्तों के बल पर हम अंधेरों में भी रोशनी ढूंढ़ लेने में समर्थ होते रहे हैं। बाधाओं के बीच विवेक जगा लेते थे, ऐसे घरों एवं दायरों में कहीं घर में मंदिर बनता रहा है तो कहीं घर ही मन्दिर बन जाता था। जहां समस्याओं की भीड़ नहीं, वैचारिक वैमनस्य का होलाहल नहीं, संस्कारों के विघटन का प्रदूषण नहीं, तनावों के त्रासदी की घुटन नहीं। लेकिन अब ऐसा नहीं हो पा रहा है, जिन्दगी स्वयं एक समस्या बन गयी है, टूटते–बिखरते रिश्तों के बीच मूल्य भी टूट रहे हैं, संस्कृति भी कराह रही है। अपनी ही नजरों में हीन करने की यह चेष्टा है, यह भ्रम एवं दिखावे की दुनिया है, यह बाजारवाद है। कई बार संबंधों को ठीक करना भी हमारे वश में नहीं होता। ऐसे में आपको दुखी होने के बजाय स्थिति को स्वीकार कर लेना आपकी मजबूरी होती है। जहां एक तरफ वास्तविक संबंध दरकते हैं, वहीं दूसरी ओर बनावटी–संकटपूर्ण नए संबंध जुड़ जाते हैं।

## मंथन

# बढ़ते वायु प्रदूषण से खतरे में सेहत

**बाल मुकुन्द ओझा**

मो.– 8949519406

देश में ठण्ड की दस्तक के साथ हवा की गुणवत्ता खराब होने लगी है। हालाँकि वायु प्रदुषण की समस्या विश्वव्यापी है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है दुनिया भर में प्रत्येक वर्ष प्रदूषित वायु से 70 लाख से अधिक लोगों की असमय मौत हो जाती है। वहीं भारत की राष्ट्रीय राजधानी में हाल के वर्षों में वायु प्रदुषण में काफी वृद्धि देखने को मिली है। दिल्ली में प्रदुषण के कारण बहुत ही गंभीर समस्याएं बनी हुई हैं, इसी के चलते स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं सामने आने लगती हैं। राजधानी दिल्ली में हवा में जहर तेजी से घुलने लगा है। दिल्ली में बढ़ते इस दमघोटू प्रदूषण के साथ बीमारियों का खतरा भी बढ़ता चला जा रहा है। दिल्ली–एनसीआर में बढ़ते प्रदुषण पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। सुप्रीम कोर्ट ने देश के पांच पड़ोसी राज्यों से सवाल किया है कि उन्होंने वायु प्रदूषण को रोकने के लिए क्या कदम उठाए हैं। न्यायालय ने कहा कि कुछ दशकों पहले यह दिल्ली में सबसे अच्छा वक्त होता था। उसने कहा कि शहर अब बिगड़ती वायु गुणवत्ता से संकट में है और घर से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा 31 अक्टूबर 2023 को जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि देश के 231 में से 18 शहरों में हवा 'बेहतर' रही। वहीं 46 शहरों की श्रेणी 'संतोषजनक' रही जबकि 108 शहरों में वायु गुणवत्ता 'मध्यम' रही। वहीं अंकलेश्वर–बल्लभगढ़ सहित 42 शहरों में प्रदूषण का स्तर दमघोंटू रहा, जबकि बहादुरगढ़ सहित 17 शहरों में प्रदूषण का स्तर जानलेवा हो गया है। राजधानी दिल्ली में वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में है। दिल्ली में एयर क्वालिटी इंडेक्स 12 अंक बढ़कर 359 पर पहुंच गया है। जबकि लखनऊ में यह इंडेक्स 198, चेन्नई में 129, चंडीगढ़ में 185, हैदराबाद में 101, जयपुर में 156 और पटना में 232 दर्ज किया गया। वायु प्रदूषण ने भारत को अपने पंजे में मजबूती से जकड रखा है। भारत की आबोहवा निरंतर जहरीली होती जा रही है। वैश्विक स्तर पर हवा की गुणवत्ता के बारे में सूचना देने वाली टेक कंपनी आई क्यू एयर द्वारा जारी वर्ल्ड एयर क्वालिटी रिपोर्ट के अनुसार भारत 2022 में दुनिया का आठवां सबसे प्रदूषित देश रहा है। दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में दिल्ली चौथे स्थान पर है। विभिन्न बीमारियों से ग्रस्त लोगों के लिए प्रदूषित हवा बिलकुल माकूल नहीं है। यह मुख्य रूप से कम हवा की गति के कारण हवा में प्रदूषकों के फैलाव की अनुमति नहीं है। इस मौसम में पॉल्यूशन की समस्या काफी बढ़ जाती है। पराली जलना और वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण हवा को खराब करने के लिए सबसे अधिक जिम्मेदार हैं. प्रदूषण की वजह से देश को आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

वायु प्रदूषण पर एक वैश्विक रिसर्च रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दूषित हवा हमारे स्वास्थ्य के लिए न केवल बेहद हानिकारक है अपितु पेट की आंत सम्बन्धी विभिन्न व्याधियों की भी कारक है। एक अध्ययन रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि की गई है की वायु प्रदूषण के कारण हमारे शरीर की आंत के बैक्टीरिया पर गहरा असर पड़ सकता है जिससे मधुमेह जैसी खतरनाक बीमारी के साथ मोटापा, पेट के आंत के संक्रमण सहित विभिन्न पुरानी बीमारियां बढ़ सकती है। इस रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया है की वाहनों से उत्सर्जित होने वाली खतरनाक गैसें जब सूर्य की रोशनी के संपर्क में आती है तो वे बेहद खतरनाक रूप धारण कर लेती है जो हमारे स्वास्थ्य पर असर डालती है।

## चिंतन

# बढते सड़क हादसों पर कैसे लगे लगाम?

**अशोक भाटिया**

मोबाइल : 9221232130

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजी नगर जिले में समृद्धि एक्सप्रेसवे पर रविवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार मिनी बस एक कंटेनर से टकरा गई, जिसमें कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया, प्राइवेट बस में 35 यात्री सवार थे। यह दुर्घटना मुंबई से लगभग 350 किलोमीटर दूर स्थित एक्सप्रेसवे के वैजापुर इलाके में रात 12.30 बजे हुई।बस ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया जिसके चलते बस पीछे की ओर से कंटेनर से टकरा गई। पुलिस के मुताबिक, हादसे में मारे गए 12 लोगों में से पांच पुरुष, छह महिलाएं और एक नाबालिग लड़की शामिल है।

बीतें दिनों बेंगलूरु–पुणे हाईवे पर पुणे के नवले ब्रिज पर एक बड़ा सड़क हादसा घटित हो गया। इस हादसे का कारण ऑयल टैंकर का ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। इस अनियंत्रित ट्रक के चलते सड़क पर 48 गाड़ियाँ भी आपस में टकरा गयी। इनमें से 22 कारें सहित एक ऑटोरिक्शा भी शामिल था। हालाँकि, हादसे में कोई जनहानि की खबर प्राप्त नहीं हुई है। कुछ महीने पहले, नामी व्यवसायी सायरस मिस्त्री का भी एक सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। वे अहमदाबाद से मुंबई लौट रहे थे और मुंबई से 100 किमी पहले उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई थी।

आइये आकंड़ों के माध्यम से समझने की कोशिश करते हैं कि भारत में सड़क हादसों की स्थिति कितनी गंभीर है। हाल ही में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसके अनुसार, वर्ष 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुई थीं। इनमें 1,68,491 लोगों की जान चली गई। जबकि 4,43,366 लोग घायल हो गए थे। मंत्रालय की तरफ से 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं–2022' शीर्षक से जारी रिपोर्ट के अनुसार, हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए और हर एक घंटे में 19 लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई। इनमें सीट बेल्ट और हेलमेट का इस्तेमाल न करने वालों का ऊंचा अनुपात है।

रिपोर्ट के अनुसार, देश में 2022 में कुल 4,61,312 सड़क हादसे हुए, जिनमें से 1,51,997 यानी 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए। वहीं 1,06,682 यानी 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों जबकि 2,02,633 यानी 43.9 प्रतिशत हादसे



अन्य सड़कों पर हुए। रिपोर्ट में कहा गया कि सालाना आधार पर सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। हादसों में घायल होने वाले लोगों की संख्या में 15.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। रिपोर्ट कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में एक बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। सीट बेल्ट न पहनने की वजह से 16,715 लोगों की इन हादसों में मौत हो गई जिनमें से 8,384 लोग ड्राइवर थे जबकि बाकी 8,331 लोग वाहन में बैठे यात्री थे। इसके अलावा 50,029 दोपहिया सवार भी हेलमेट न पहनने की वजह से इन हादसों में अपनी जान गंवा बैठे।

रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में लगातार चौथे साल घातक सड़क दुर्घटना का सबसे अधिक युवा शिकार हुए। इसमें कहा गया, 2022 में 18 से 45 वर्ष के आयु वर्ग के 66.5 लोग हादसों का शिकार हुए। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में 18–60 वर्ष के कामकाजी आयु वर्ग के लोगों की संख्या 83.4 प्रतिशत थी। 'भले ही केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 2024 तक देश में दुर्घटनाओं और उनसे होने वाली मौत की संख्या को आधा करने का लक्ष्य रखा है पर यह आंकड़ा कम होने का नाम ही नहीं लेता है। ये हालत देखते हुए सड़क हादसों को रोकने के लिए सरकार को एक नीति बनानी होगी। जागरूकता अभियान चलाने होगें। सरकार को यातयात नियमों से संबधित शिविरों का आयोजन करना चाहिए। आज करोड़ों के हिसाब से वाहन पंजीकृत हैं, मगर सही ढंग से वाहन चलाने वालो की संख्या कम है। क्योंकि आधे से ज्यादा लोगों को यातयात के नियमों का ज्ञान तक नहीं होता। पुलिस प्रशासन चालान काटकर अपना कर्तव्य निभा रही है, मगर चालान इसका हल नहीं है। इसका स्थाई समाधान ढूंढना होगा। बिना हैलमैट के नाबालिग से लेकर अधेड़ उम्र के लोग वाहनों को काफी तेज रफ्तार में चलाते हैं और दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं। जानबूझकर व नशे की हालत में दुर्घटना करने वाले चालकों के लाईसेंस रद्द करने चाहिए। ज्यादातर हादसे में नाबालिग चालक ही मारे जाते हैं।

प्रशासन की लापरवाही के कारण भी इसमें साफ झलकते हैं। आज ज्यादातर युवा व लोग शराब पीकर व अन्य प्रकार का नशा करके वाहन चलाते है, नतीजन खुद ही मौत को दावत देते हैं। भले ही पुलिस यंत्रों के माध्यम से शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर शिकंजा कस रही है, मगर फिर भी लोग नियमों का उल्लघन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। राज्यों की सरकारों द्वारा पुलिस को दी गई हाईवे पैट्रोलिंग की गाड़ियां भी यातायात को कम करने में नाकाम साबित हो रही हैं। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के और भी अनेक कारण हैं। सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है कि 80 प्रतिशत हादसे मानवीय लापरवाही के कारण होते हैं। लापरवाह लोग सीट बैल्ट तक नहीं लगाते और तेज रफतार में वाहन चलाते हैं। देश में सड़क हादसों में स्कूली बच्चों के मारे जाने के हादसे भी समय– समय पर होते रहते हैं। लापरवाह चालकों को सजा देनी चाहिए ताकि मासूम बेमोत न मारे जा सकें। अक्सर देखा गया है कि वाहन चालकों के पास प्राथमिक चिकित्सा बाक्स तक नहीं होता है।

ओवरलोडिंग से भी ज्यादातर हादसे होते हैं। बेलगाम हो रहे यातायात पर लगाम लगाना सरकार व प्रशासन का कर्तव्य है। लोगों को भी इसमें सहयोग करना होगा तभी इस समस्या का स्थाई हल हो सकता है। यदि लोग सही तरीके से यातायात नियमों का पालन करते हैं तो सड़कों पर हो रहे मौत के तांडव को रोका जा सकता है। लापरवाही के कारण देश में दुर्घटनाओं का कहर बरपता रहेगा। मावन जीवन को बचाना होगा क्योंकि मानव जीवन दुर्लभ है। केंद्र सरकार को इस पर गौर करना होगा तथा देश में बढ रही सड़क दुर्घटनाओं पर रोक के लिए कारगर कदम उठाने होगें नहीं तो देश के प्रत्येक महानगरों व शहरों से लेकर गांवों तक हर रोज लाशें बिछती रहेंगी लोग मरते रहेंगें। सरकार को इन हादसों से सबक लेना चाहिए और व्यवस्था की खामियों को दूर करना चाहिए। सरकारों को अपना दायित्व निभाना चाहिए ताकि सड़क हादसों पर पूरी तरह रोक लग सके। यदि सरकारें ऐसे ही सोती रहेंगी तो देश की सड़कें मानव खून से लाल होती रहेंगी।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

करवा चौथ



पटना में बुधवार को 'करवा चौथ' त्योहार के अवसर पर विवाहित महिलाएं पूजा करती हुईं।

# वापस लौटने पर अंतरिक्ष यात्रियों में पृथ्वी की नाजुकता का एहसास आम है : राकेश शर्मा

कोलकाता/भाषा। अंतरिक्ष में जाने वाले पहले भारतीय राकेश शर्मा ने कहा है कि प्रत्येक अंतरिक्ष यात्री को धरती पर लौटने के बाद पृथ्वी की नाजुकता का एहसास होता है और लोगों को इस ''स्वर्ग'' को इसके संसाधनों का जरूरत से अधिक दोहन कर ''बर्बाद'' करना बंद करना चाहिए।

शर्मा ने कहा कि लोगों को रहने के लिए पृथ्वी के अलावा किसी अन्य स्थान की तलाश करने से पहले वहनीयता को सीखना चाहिए।उन्होंने यहां संग्रहालय का उद्घाटन करने के बाद संवाद सत्र में हिस्सा लेते हुए कहा, ''लगभग हर अंतरिक्ष यात्री हमारे ग्रह की नाजुकता के एहसास के साथ वापस आता है... यहीं (अंतरिक्ष में) आपको वृहद तस्वीर देखने को मिलती है... कि हमारी पृथ्वी सिर्फ एक हल्का नीला बिंदु है।''

पूर्व विंग कमांडर 74 वर्षीय शर्मा ने कहा, ''इसलिए, जो स्वर्ग हमारे पास है, उसको बर्बाद करने के बजाय, मैं वहनीयता सीखने को प्रेरित करूंगा, ताकि कहीं अन्य जगह बसने से पहले इसे नरक बनाने की जल्दबाजी नहीं की जाए .... दुर्भाग्य से, बहुत से लोग इसके बारे में बात नहीं कर रहे हैं, यहां तक कि जो अंतरिक्ष से लौटते हैं, वे भी।'' शर्मा अप्रैल, 1984 में प्रक्षेपित किए गए सोवियत संघ के 'सोयुज टी-11' अभियान का हिस्सा थे।

वह अंतरिक्ष में जाने वाले पहले और एकमात्र भारतीय हैं। वह यहां भारतीय अंतरिक्ष भौतिकी केंद्र के परिसर में खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष विज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन करने आए थे। अपने संबोधन में शर्मा ने सभी हितधारकों से ग्रह की सुरक्षा के लिए अधिक टिकाऊ होने के तरीकों पर गौर करने का आग्रह किया। शर्मा ने कहा, ''पृथ्वी के पास सीमित संसाधन हैं, लेकिन उनका व्यय अनुकूल नहीं है।

# फ्लोरिडा के 'वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिजॉर्ट' में पहली बार दीपावली का जश्न मनाया गया

न्यूयार्क/भाषा

अमेरिका के फ्लोरिडा स्थित 'वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिजॉर्ट' में पहली बार दीपावाली का जश्न मनाया गया। इस दौरान सैकड़ों नर्तक-नर्तकियों ने नृत्य के माध्यम से वैश्विक दर्शकों को भारत की संस्कृति और विरासत से रूबरू कराया। इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, दीपावली का पहला युवा उत्सव 'जश्न प्रोडक्शंस' द्वारा आयोजित किया गया। इसमें देश भर के 400 से अधिक नर्तक-नर्तकियों ने डिज्नी स्प्रिंग्स और डिज्नी एनिमल किंगडम थीम पार्क में प्रदर्शन किया। 'जश्न प्रोडक्शंस' की संस्थापक जेनी बेरी के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय 'डांस फेस्ट' में उत्तरी अमेरिका के नर्तक-नर्तकियों ने हिस्सा लिया।

बेरी ने कहा, वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिजॉर्ट में पहली बार दीपावली मनाना बहुत आनंददायक रहा। हमने दक्षिण एशियाई नृत्य समुदाय के साथ इस महत्वपूर्ण त्योहार की खुशी और उत्साह को साझा करके इतिहास रचा। 'पृथ्वी पर सबसे जादुई जगह' में दीपावली का जादू मनाना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा रहा।

बेरी ने कहा कि 'जश्न प्रोडक्शंस' दीपावली डांस फेस्ट जैसे और कार्यक्रम आयोजित कर दक्षिण एशिया की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के लिए लोगों को एक साथ लाने के लिए उत्सुक है। डांस फेस्ट की शुरुआत 26 अक्टूबर को हुई तथा इसका समापन 28 अक्टूबर को हुआ। डिज्नी एनिमल किंगडम थीम पार्क में आयोजित कार्यक्रम में गुजरात, पंजाब, आंध्र प्रदेश सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित नर्तक-नर्तकी पॉप और हिप-हॉप गीतों पर थिरकते नजर आए।

विज्ञप्ति के मुताबिक, यह फेस्ट अपनी तरह का पहला उत्सव था, जिसने बच्चों को विश्व प्रसिद्ध मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। इस दौरान 1,000 से अधिक अतिथियों ने दीपावली कार्यक्रम के दौरान भारतीय संगीत और वेशभूषा का लुत्फ उठाया।

# जयशंकर ने पुर्तगाल के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की, द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की

लिस्बन/भाषा

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा सहित शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की तथा रक्षा, व्यापार, निवेश, पर्यटन और सीधा हवाई संपर्क जैसे क्षेत्रों में प्रमुख दक्षिणी यूरोपीय राष्ट्र के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की। जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों ने ''पुर्तगाल में काम करने के लिए भारतीय नागरिकों की नियुक्ति के समझौते'' के कार्यान्वयन की समीक्षा की और वे इसके लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया पर सहमत हुए। उन्होंने कहा, ''इसके लिए एक प्रायोगिक परियोजना शुरू होगी।''

जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा पुर्तगाल को यूरोपीय संघ (ईयू) में अपने प्रमुख साझेदारों में से एक माना है। उन्होंने, ''हम 2025 में 50 साल पूरे होने, अपने राजनयिक संबंधों की फिर से स्थापित करने के लिए तत्पर हैं।'' पुर्तगाल के विदेश मंत्री जोआओ क्रेविन्हो के साथ मंगलवार को संयुक्त बयान में जयशंकर ने कहा, ''हम कई क्षेत्रों में नई ऊर्जा और गतिविधियां देखते हैं। व्यापार और निवेश स्पष्ट रूप से एक मजबूत प्रेरक कारक है। विशेषकर, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों जैसी कई भारतीय कंपनियों ने पुर्तगाल में अपनी पहचान बनाई है।'' दो प्रमुख यूरोपीय देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुर्तगाल तथा इटली की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में पुर्तगाल पहुंचे जयशंकर ने कहा कि संयुक्त आर्थिक समिति को दोनों नेताओं के बीच हुई कुछ चर्चाओं पर आगे बढ़ने के लिए कहा जाएगा और ''इस बारे में संभावना तलाशें कि हम स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में और क्या कर सकते हैं।''उन्होंने कहा, ''हमने रक्षा सहयोग, स्टार्ट-अप, नवाचार पर भी चर्चा की। हमने सीधा हवाई संपर्क के लिए भी वार्ता की।'' यह भी कहा, ''हमें पूरा विश्वास है कि एक बार जब हम इस दिशा में प्रगति कर लेंगे तो हमारे आदान-प्रदान का विस्तार होगा और दोनों देशों ने पर्यटन के विकास पर जोर दिया है और वह भी सीधा हवाई संपर्क के लिए जरिये बढ़ेगा।''

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, ''आज (मंगलवार) प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। समकालीन चुनौतियों पर चर्चा की और हमारे संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके मार्गदर्शन की सराहना की।''उन्होंने पुर्तगाली गणराज्य की असेंबली के अध्यक्ष ऑगस्टो सैंटोस सिल्वा से भी मुलाकात की और दो लोकतंत्रों के करीबी सहयोग के महत्व पर चर्चा की।

एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने कहा, ''आज सुबह लिस्बन में पुर्तगाली गणराज्य की असेंबली के अध्यक्ष ऑगस्टो सैंटोस सिल्वा से मिलकर खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए उनके मजबूत समर्थन को हमेशा महत्व दिया है। एक अस्थिर दुनिया में हमारे दो लोकतंत्रों के करीबी सहयोग के महत्व पर चर्चा की।'' जयशंकर ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि भारत की प्रमुख दुध एवं डेयरी कंपनी अमूल पुर्तगाली राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का पहला भारतीय क्षेत्रीय प्रायोजक है।उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने लोथल (गुजरात में) में समुद्री विरासत परिसर पर चर्चा की, जिसे भारत पुर्तगाल के सहयोग से विकसित कर रहा है। जयशंकर ने कुछ प्रवासी कार्यक्रमों में भाग लिया और लिस्बन में राधा कृष्ण मंदिर के सामने महात्मा गांधी और उनकी पत्नी कस्तूरबा गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# इस महीने सैन फ्रांसिस्को में शी चिनफिंग से मिलेंगे जो बाइडन : व्हाइट हाउस

वाशिंगटन/भाषा

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस महीने के आखिर में सैन फ्रांसिस्को में 'एपीईसी लीडरशिप' शिखर सम्मेलन से इतर चीन के अपने समकक्ष शी चिनफिंग से मुलाकात करेंगे। व्हाइट हाउस ने इसकी पुष्टि की। एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग या 'एपीईसी' एशिया-प्रशांत में कारोबार एवं निवेश, आर्थिक विकास एवं क्षेत्रीय सहयोग से संबंधित शीर्ष मंच है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में सैन फ्रांसिस्को में बाइडन-शी की मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर कहा, ''राष्ट्रपति इस बारे में आशान्वित हैं।'' राष्ट्रपति बाइडन ने 'एपीईसी लीडरशिप' शिखर सम्मेलन के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी आमंत्रित किया है। भारत का प्रतिनिधित्व कैबिनेट स्तर के मंत्री द्वारा किए जाने की संभावना अधिक है। जीन-पियरे ने कहा, ''हम इस बारे में बात कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि वह (चीन के) राष्ट्रपति शी के साथ बैठक को लेकर आशान्वित हैं। इसलिए नवंबर में होने वाली इस बैठक के बारे में अधिक विस्तार से कुछ नहीं कहूंगी। यह सैन फ्रांसिस्को में होने वाली है। बैठक काफी सार्थक होने वाली है।''उन्होंने कहा, ''देखिए, मैं यही कहना चाहती हूं कि हमारा लक्ष्य रचनात्मक संवाद करना है। दोनों नेताओं के बीच नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में बैठक होगी। जो कुछ भी होगा वह नवंबर में पता चल जाएगा। सैन फ्रांसिस्को में हमारे बीच सार्थक वार्ता होने वाली है।''उन्होंने कहा कि चीन के साथ किस तरह से आगे बढ़ना है, इस बारे में बाइडन प्रशासन की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।



# 'मास्टर शेफ इंडिया' की रसोई में लगेगा एएसएमआर का तड़का

मुंबई/एजेन्सी

कुकिंग-आधारित रियलिटी शो 'मास्टरशेफ इंडिया' का आगामी एपिसोड स्वाद, नवीनता और प्रस्तुति के साथ-साथ ऑटोनॉमस सेंसरी मेरिडियन रिस्पॉन्स (एएसएमआर) का एक नया आयाम जोड़ने के लिए तैयार है। एएसएमआर फीलिंग की अनुभूति है जिसे कई लोग विशिष्ट दृश्य या श्रवण ट्रिगर के जवाब में अनुभव करते हैं। एएसएमआर ने इंटरनेट पर तूफान ला दिया है, लाखों दर्शक भोजन की आवाज़ सहित विभिन्न ट्रिगर्स को देखने और सुनने के लिए तैयार हैं। इस चलन ने अब 'मास्टरशेफ इंडिया' किचन में भी अपनी जगह बना ली है। इस चुनौती में, प्रतियोगी असंख्य भोजन ध्वनियों का पता लगाते हैं, खाना पकाने और प्लेटिंग के कार्य को ध्वनि कला में बदलते हैं। जैसे ही वे जजों के सामने अपने व्यंजन प्रस्तुत करते हैं, उन्हें इसमें शामिल किए गए ध्वनि तत्वों के बारे में भी बताना होगा। इस अभिनव चुनौती के बारे में उत्साह व्यक्त करते हुए, शेफ विकास खन्ना ने कहा, दुनिया बदल रही है, और प्रौद्योगिकी हमारे अनुभवों का अभिन्न अंग बन गई है। एएसएमआर के रूप में हमने भोजन को समझने के तरीके में एक नई परत जोड़ दी है।''

शेफ रणवीर बराड़ ने चुनौती पर प्रकाश डालते हुए कहा, जब हम खाना खाते हैं तो हम अक्सर भोजन की आवाजों को अनदेखा कर देते हैं। हालांकि, ध्वनि अनुभव का एक अनिवार्य हिस्सा है, जो आनंद और उत्साह पैदा करती है। यह चुनौती भोजन की विविध ध्वनियों के माध्यम से आनंद की खोज करने के बारे में है।

प्रतियोगियों को अपनी रचनाओं में जान डालने का अवसर मिलेगा। प्रत्येक स्नैप, क्रंच और स्लर्प इस चुनौती में जीवंतता की एक परत जोड़ देगा। 'मास्टरशेफ इंडिया' सोनी लिव पर सोमवार से शुक्रवार तक प्रसारित होता है।

# जान्हवी कपूर ने देवरा के गोवा शेड्यूल की शूटिंग पूरी की

मुंबई/वार्ता



बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने अपनी आने वाली फिल्म देवरा के गोवा शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है। कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित देवरा: पार्ट 1 में एनटीआर जूनियर, सैफ अली खान और जान्हवी कपूर कपूर की मुख्य भूमिका है।जान्हवी कपूर ने देवरा के गोवा शेड्यूल की शूटिंग पूरी कर ली है।जान्हवी कपूर ने टीम और सेट को मिस करते हुए सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर की है। साथ ही अपने किरदार थंगम का भी परिचय दिया, जिसका मतलब सोना होता है। साझा की गई तस्वीर में जाह्नवी पारंपरिक हरे और नीले रंग की साड़ी पहने नजर आ रहे हैं। उनके कैप्शन में लिखा था, सेट, टीम को मिस कर रही हूं और थंगम की भूमिका को अपना रही हूं। देवरा। देवरा का निर्माण युवासुधा आर्टर्स और एनटीआर आर्टर्स द्वारा किया गया है, और नंदामुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है, जिसका पहला भाग 1 05 अप्रैल, 2024 को रिलीज़ होगा।

# फिल्म 'स्टोलन' को जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में मिली सराहना

मुंबई/वार्ता



अभिनेता अभिषेक बनर्जी की फिल्म स्टोलन को जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में काफी सराहना मिली है। अभिषेक बनर्जी अभिनीत और गौरव ढींगरा निर्मित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित थ्रिलर 'स्टोलन' को जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में काफी सराहना मिली है।यह फेस्टिवल, मुंबई एकेडमी ऑफ मूविंग इमेज द्वारा आयोजित किया गया था। निर्माता गौरव ढींगरा के साथ निर्देशक करण तेजपाल ने एक संयुक्त बयान में 'स्टोलन' के जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने को लेकर अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने कहा,वास्तव में अपनी फिल्म को अपने लोगों के साथ साझा करने से बड़ी कोई खुशी नहीं है। हम रोमांचित हैं और हमारी फिल्म को शामिल करने के लिए जियो मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहते हैं। इसे और भी खास बनाने के लिए, 'स्टोलन' मामी फेस्टिवल में हाउसफुल रही, जिसे अविश्वसनीय तालियां मिलीं। उत्साही दर्शकों ने खड़े होकर अभिनंदन किया। यह जबरदस्त प्रतिक्रिया हमारी फिल्म के प्रभाव और हमारी टीम के समर्पण के प्रमाण के रूप में कार्य करती है। स्टोलन करण तेजपाल द्वारा निर्देशित और जंगल बुक स्टूडियो के गौरव ढींगरा द्वारा निर्मित है। इस फिल्म में शुभम और मिया मेल्ज़र भी मुख्य भूमिका में हैं।

# रवि तेजा की उपस्थिति मुझे डराती थी : गायत्री भारद्वाज

मुंबई/एजेन्सी



रवि तेजा हाल ही में पैन-इंडिया फिल्म टाइगर नागेश्वर राव से अभिनेत्री गायत्री भारद्वाज ने अपना तेलुगु डेब्यू किया। जहां फिल्म को हर तरफ से अच्छी समीक्षा मिल रही है, वहीं ऑडियंस , इंडस्ट्री और क्रिटिक गायत्री के अभिनय और गांव की लड़की के लुक की प्रशंसा करने से नहीं रुक रहे हैं। जैसा कि वह खुद को मिल रहे प्यार से गदगद है, अभिनेत्री अपने सुपरस्टार सह-कलाकार के बारे में तारीफें करती नहीं थक रही हैं। रवि तेजा के साथ पहली बार काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, गायत्री कहती हैं, अपने करियर में पहली बार, मैं किसी सुपरस्टार के साथ काम कर रही थी। यहां दक्षिण में उनका दबदबा कुछ अलग ही है। वह जब चलते हैं तो अपने साथ एक स्टारडम लेकर चलते हैं। जब भी वह सेट पर होते हैं तो वह अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं।' अभिनेत्री आगे कहती हैं कि सेट पर उनका दिन कैसा बीतता था,हमारी दिनचर्या यह थी कि वह अंदर आते थे और मेरे पास खड़े हो जाते थे और मुझे अपने डायलॉग बोलने पड़ते थे। उनकी उपस्थिति मुझे डराती थी क्योंकि वह एक लार्जर दैन लाइफ अभिनेता हैं। उनके साथ अभिनय करना मेरे लिए बेहद कठिन था। लेकिन उनकी स्वीकृति मेरे लिए बहुत मायने रखती है। पूर्व मिस इंडिया, गायत्री ने संगीत वीडियो के साथ शोबिज में कदम रखा। वह कॉल और पटोला जैसे गानों में नजर आईं।

# 'टाइगर 3 के लिए मेरी एक्शन की तैयारी कम से कम दो महीने की थी' : कैटरीना

मुंबई/एजेन्सी

वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला जासूस, टाइगर फ्रेंचाइजी की कैटरीना कैफ उर्फ जोया, एक ऐसा किरदार है जिसे आदित्य चोपड़ा ने दिखाया है कि वह हर कदम पर एक आदमी के बराबर है। वह एक खतरनाक, बुद्धिमान और क्रूर जासूस है जो कार्रवाई के मामले में किसी से भी बराबरी कर सकती है। कैटरीना ने जोया को अपना बना लिया है और निर्माताओं ने लगातार टाइगर की हर फिल्म में उनके किरदार को एक पायदान ऊपर रखा है। अभिनेत्री को ऐसे अविश्वसनीय स्टंट और हाथों से किए जाने वाले एक्शन सेटों को करने में आनंद आया है जो पहले कभी किसी महिला ने स्क्रीन पर नहीं किया है। टाइगर 3 में, कैटरीना एक्शन के दायरे को और भी आगे बढ़ाएंगी और खुलासा करेंगी कि बड़े-से-बड़े एक्शन दृश्यों को करने से पहले उन्होंने लगभग 60 दिनों तक तैयारी की है!



कैटरीना कहती हैं, टाइगर 3 दिखाती है कि जब अपने परिवार या देश या मानवता को बचाने की बात आती है तो ऐसा कुछ भी नहीं है जो एक महिला नहीं कर सकती। ज़ोया जैसा किरदार लोगों को यह बताने के लिए महत्वपूर्ण और आवश्यक है कि लड़कियां पालन-पोषण करने वाली होने के साथ-साथ खतरनाक रक्षक भी हो सकती हैं। ज़ोया मेरे करियर की सबसे पसंदीदा भूमिकाओं में से एक है! वह आगे कहती हैं, मुझे अच्छा लगता है कि कैसे वह अपने धैर्य और साहस से किसी की भी बराबरी कर सकती है।

वह लड़ाई से पीछे नहीं हटती और जब कार्रवाई करने की बात आती है तो वह किसी पुरुष से बेहतर नहीं बल्कि उतनी ही अच्छी हो सकती है! ज़ोया की एक्शन शैली भी अनोखी है और वह कुछ बहुत ही जटिल एक्शन दृश्यों को आसानी से कर सकती है, जैसा कि आप ट्रेलर में देख सकते हैं! ज़ोया का मुकाबला दुश्मनों की सेना से है और वह अकेले ही लड़ती है!

कैटरीना को यह बात बहुत पसंद है कि वाईआरएफ ने हर फिल्म के साथ जोया के किरदार को और अधिक उग्र बना दिया है! वह कहती हैं, मुझे एक शैली के रूप में एक्शन पसंद है और एक जासूस की भूमिका निभाना एक सपने के सच होने जैसा है! मुझे पता था कि यह मेरी विरासत का हिस्सा बनने जा रहा है, इसलिए मैं हमेशा इस फ्रेंचाइजी के लिए अपना 200 प्रतिशत देती हूं। टाइगर की हर फिल्म ने ज़ोया के किरदार को एक पायदान ऊपर ले लिया है, और उसने अधिक संघर्ष किया है, और यह अधिक खूनी रहा है। यह किरदार की यूएसपी है, जो मुझे पसंद है!

कैटरीना आगे कहती हैं, टाइगर 3 के लिए, मेरी एक्शन तैयारी कम से कम दो महीने की थी। हम चाहते थे कि ज़ोया चुस्त दिखे, उसमें अधिक गति हो और अधिक ताकत हो। मुझे वास्तव में कड़ी मेहनत से गुजरना पड़ा और यह निश्चित रूप से मेरे अब तक के करियर का सबसे कठिन प्रशिक्षण था, जब आप जोया ने जिस तरह का एक्शन किया है उसे देखेंगे, तो आपको एहसास होगा कि इस तरह के दृश्यों को पहले किसी महिला द्वारा करने का प्रयास नहीं किया गया होगा। वह आगे कहती हैं, दुनिया की कुछ बेहतरीन एक्शन टीमों द्वारा बनाए गए इन दृश्यों को मैं दर्शकों को बड़े पर्दे पर दिखाने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के विजयनगर स्थित अर्हम भवन में अर्हम मित्र मंडल, राजस्थान परिषद् एवं विजयनगर परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में 68वें कर्नाटक राज्योत्सव दिवस के उपलक्ष्य पर ध्वजारोहण किया गया।

## कर्नाटक स्थापना दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बेंगलूरु के विजयनगर स्थित ऑर्किड इंटरनेशनल स्कूल में कर्नाटक राज्योत्सव के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में महेन्द्र मुणोत उपस्थित थे। मुणोत ने मां भुवनेश्वरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने अनेक कन्नड़ गीत प्रस्तुत किए। मुणोत ने अपने वक्तव्य में कहा कि हमें अपनी संस्कृति एवं भाषा पर गर्व होना चाहिए एवं हमारी यह कोशिश होनी चाहिए कि बच्चों को उससे जोड़े रखें । कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे। स्कूल प्रबंधन ने मुणोत का सम्मान किया



## अर्हम भवन में मनाया गया कन्नड़ राज्योत्सव, गूंजे कन्नड़ गीत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के विजयनगर स्थित अर्हम भवन में अर्हम मित्र मंडल, राजस्थान परिषद् एवं विजयनगर परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में 68वें कर्नाटक राज्योत्सव दिवस के उपलक्ष्य पर ध्वजारोहण किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी महेंद्र मुणोत ने झंडारोहण किया। कवि कुवेम्पु द्वारा रचित गीत जय भारत जननीय तनुजते का सामूहिक संगान किया गया। महेंद्र मुणोत ने कन्नड़ भाषा एवं संस्कृति के योगदान पर प्रकाश डाला। राजस्थान परिषद् के अध्यक्ष ललित सेठिया, उपाध्यक्ष संजय बैद, अर्हम मित्र मंडल के मंत्री विनोद पारख, राजस्थान परिषद् के मंत्री विनय बैद, कोष्याध्यक्ष पंकज बैद, विजयनगर परिषद् के मंत्री उत्तम बागरेचा आदि ने सभी को कर्नाटक राज्योत्सव दिवस की शुभकामनाएँ दी।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### कन्नड़ राज्योत्सव

बेंगलूर के मैसूरु रोड स्थित सलारपुरिया मेलोड़ी अपार्टमेन्ट में कन्नड़ राज्योत्सव मनाया गया। अपार्टमेन्ट के अध्यक्ष रामकृष्ण ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में जयकिशन शर्मा, संदीप भंडारी, चंद्रशेखर शर्मा, रतन गुप्ता, अमित अग्रवाल, निरंजन दाधीच, सुनील मित्तल सहित बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




### जीतो कन्नड़ राज्योत्सव

मैसूरु के जीतो कार्यलय में बुधवार को कन्नड़ राज्योत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में यातायात पुलिस उपायुक्त परशुरामप्पा ने जीतो टीम के साथ मिलकर झंडारोहण किया तथा कर्नाटक माता के चित्र पर पुष्प अर्पण किए। इस मौके पर जीतो परिवार से अध्यक्ष कांतिलाल चौहान, उपाध्यक्ष महेंद्रकुमार जैन, कोषाध्यक्ष विनोद बाकलीवाल, मुख्य सचिव गौतम सालेचा, सहकोषाध्यक्ष नेमीचन्द श्रीश्रीमाल, पीआरओ रमेश नोलखा, युवा चेयरमैन पुनीत श्रीश्रीमाल, सचिव अनमोल श्रीश्रीमाल,प्रकाश दक आदि उपस्थित थे।



## जीतो की महिलाओं ने खेल प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

### परी सुपर स्ट्राइकर्स टीम ने जीती 'चोपड़ा ट्रॉफी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के राजराजेश्वरीनगर स्थित इंडोर स्पोर्टिंगो में जीतानॉर्थ की महिला विंग द्वारा महिलाओं के लिये विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। वर्तमान कार्यकारिणी समिति का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस खेल आयोजन में 120 खिलाड़ियों के बीच क्रिकेट, खो-खो, थ्रो बाल, स्कीपिंग, सूर्य नमस्कार, केच वाटर बलून, केमोफ़्लेड्ज, हापस्काच आदि रोमांचक खेलों की स्पर्धा हुई। खिलाड़ियों को सीमा बाफना की ऊर्जा, मधु सेठिया की परी सुपर स्ट्राईकर्स, सुनीता बोरन्दिया की मानसी ज्वेल्स तथा बिंदु नाहर की वेज ओवन सुपर गेम्स टीमो में बांटा गया। सुगनचंद पवनकुमार चोपड़ा के मुख्य प्रयोजन में आयोजित इस खेल प्रतियोगिता में अध्यक्ष बिंदु रायसोनी ने सभी का स्वागत किया। जीतो नॉर्थ के अध्यक्ष इंदरचंद बोहरा, महामंत्री सुधीर गादिया एवं महिला विंग संयोजक कमल पुनमिया ने सराहना की।

आयोजन में मुख्य अतिथि कमर्शियल पायलट लिपिका पगारिया ने कहा कि वर्तमान समय में भारतीय महिलायें खेल के अलग-अलग प्रारूपों को अब अपना लक्ष्य बना रहीं हैं। भारतीय खेल जगत में कई ऐसे नाम हैं जिन्होंने केवल भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में इतिहास रचा है और इस उपलब्धि के पीछे महिलाओं का खेल के प्रति उभरता रुख एवं संघर्ष है। विशेष अतिथि तेरापंथ महिला मंडल राजराजेश्वरीनगर अध्यक्ष सुमन पटावरी ने महिला विंग के रचनात्मक कार्यों की बधाई दी। हेल्थ और न्यूट्रीशियन की राष्ट्रीय संयोजिका निशा सामर, पुष्पा बोहरा, मुख्य प्रायोजक परिवार से जितेंद्र चोपड़ा, पूर्वाध्यक्ष मधु डोशी, पिंकी जैन, जीतो गर्ल्स हॉस्टल सह-संयोजिका चित्रा मेहता, जीतो साउथ से साक्षी नाहर व रेखा जैन ने विचार व्यक्त किए। नार्थ उपाध्यक्ष सिद्धार्थ बोहरा ने बताया कि खेल प्रतियोगिता का खिताब परी सुपर स्ट्राइकर्स टीम ने जीता जबकि मानसी ज्वेल्स टीम रनर अप रही। विजेताओं को ट्राफी व नकद पुरस्कार दिया गया तथा सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र दिये गये। इस मौके पर उपाध्यक्ष लक्ष्मी बाफ़ना व रेश्मा पुनमिया, सहमंत्री पिंकी मेहता, कोषाध्यक्ष मधु कटारिया सहित कार्यसमिति सदस्याओं का विशेष सहयोग रहा। संयोजिका सोमना सिसोदिया व सहसंयोजिका साधना धोका ने व्यवस्था सम्भाली। महामंत्री सुमन वेदमुथा ने धन्यवाद दिया।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### जय कर्नाटक

मैसूरु के हेल्पिंग हैंड्स जैन यूथ आर्गेनाइजेशन के तत्वावधान में बुधवार को मैसूरु महल परिसर स्थित अंजनैया स्वामी मंदिर के सामने कबूतरदाना स्थल पर कन्नड़ राज्योत्सव मनाया गया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष महावीर खाबिया, कोषाध्यक्ष राजन बाघमार, सदस्य मनोहर सांखला, सुरेश बोहरा, आदेश लोढ़ा, गौतम गांधी, प्रमोद चोपड़ा,गौतम पटवा, जंबो लोढा, विशाल डागलिया, गौतम डागलिया, दिनेश बोहरा, महावीर धोका आदि उपस्थित रहे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### राज्योत्सव पर अन्नदान

बेंगलूरु के कर्नाटक स्टेनलैस स्टील एसोसिएशन के सदस्यों ने नगरथपेट बाजार में कन्नड़ राज्योत्सव के मौके पर अन्नदान का आयोजन किया। पदाधिकारियों ने ध्वजारोहण किया तथा सभी को कन्नड़ राज्योत्सव की शुभकामनाएं दी।



## कन्नड़ राज्योत्सव पर किया मेधावी विद्यार्थी का सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। शहर के शांतिनिकेतन पीयू और डिग्री महाविद्यालय में 68वें कर्नाटक राज्योत्सव के मौके पर मां भुवनेश्वरी देवी पर पुष्पअर्पण किए गए तथा झंडारोहण किया गया। अध्यक्ष भवरलाल जैन ने कन्नड़ भाषा व कन्नड़ संस्कृति पर विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि डॉ. शिवयोगी होराकेरी ने कहा कि कन्नड़ सत्य है,कन्नड़ नित्य है, कन्नड़ बोलो, संस्कृति कन्नड़ होनी चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर वेंकन्ना हग्गी ने कन्नड़ के इतिहास की जानकारी दी। इस मौके पर महाविद्यालय की छात्रा दीपिका राजपुरोहित को बीकॉम अंतिम वर्ष में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्थान के कोषाध्यक्ष पूरनकुमार नाहटा, महावीर जैन, डॉ कैथरीन दिनेश, विलास पुदाले सहित अनेक शिक्षक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### स्वास्थ्य शिविर

तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर द्वारा संचालित आचार्य तुलसी डायग्नोस्टिक सेंटर श्रीरामपुरम के अंतर्गत 68वें कन्नड़ राज्योत्सव के उपलक्ष में नि:शुल्क मधुमेह एवं रक्त चाप शिविर का आयोजन मरियापनपालिया स्थित गायत्री पार्क में आयोजित किया गया, जिसमें कुल 104 लोग लाभान्वित हुए। शिविर में तेयुप अध्यक्ष कमलेश गन्ना, निवर्तमान अध्यक्ष अरविंद गन्ना, कमलेश चोरड़िया, अजिंक्या चौधरी, सुनील मेहता, हरीश पोरवाड़, अभिषेक पीपाड़ा एवं हर्ष बरलोटा ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### कन्नड़ झंडारोहण

बेंगलूरु के हीराबाग में वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ व ओपीएच रोड जैन मूर्तिपूजक संघ के सदस्यों ने कन्नड़ राज्योत्सव के मौके पर झंडारोहण किया। इस मौके पर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सुमंता धनजंय सहित डॉ भीकमचन्द संकलेचा, अशोक बांठिया, मोहनलाल बोहरा, इन्दरचन्द बोहरा, नंदकिशोर समदड़िया, जयचन्द जैन, धनराज सोनी, दिनेश लोढ़ा, रमेशचन्द बोहरा व जयचन्द जैन आदि उपस्थित थे।




## यशवंतपुर तेरापंथ महिलाओं की 'हेल्थ इज वेल्थ' कार्यशाला सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यशवंतपुर सभा भवन में तेरापंथ महिला मंडल यशवंतपुर के तत्वावधान में 'हेल्थ इज वेल्थ' नामक कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्ष मीना दक ने स्वागत करते हुए आयोजन के उद्देश्य की विस्तृत जानकारी दी। डॉ सुनीता कुमारी ने सर्वाइकल के कारण और निदान को पीपीटी के माध्यम समझाया। संचालन मे कन्या मंडल से दिव्या दक और रीतु मुथा का सहयोग रहा। सभाध्यक्ष गौतम मुथा, महिला मंडल सहित अतिथियों ने बैनर का अनावरण किया। मुथा ने कहा कि मंडल के इस तरह के प्रयासों से हम अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरुक बनेंगे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



### मानवसेवा

तेरापंथ युवक परिषद राजाजीनगर के सदस्यों ने अन्नपूर्णेश्वरीनगर, नागरभावी स्थित सरस्वती एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट में मानवसेवा कार्य किया। आश्रम में रहने वाले 40 बच्चों को आवश्यक राशन सामग्री भेंट की। तेयुप राजाजीनगर के अध्यक्ष कमलेश गन्ना ने कन्नड राज्योत्सव एवं दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर तेयुप के अरविंद कोठारी,जयंतीलाल गाँधी, ललित मुणोत, मुकेश भंडारी एवं विक्रम बोहरा की उपस्थिति रही।



## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 300 लोग हुए लाभान्वित

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । कर्नाटक राज्योत्सव पर सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन ने जेएमटी ग्लोबल, एल्बिट डायग्नोसिस सेंटर और हनुमान ऑप्टिसिस के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन अश्वथनगर स्थित शिवप्रसाद पार्क में किया गया। अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने बताया कि इस शिविर में करीब 300 लोगों ने नेत्र परीक्षण, रक्तचाप की जांच, ईसीजी, शरीर विश्लेषण, दंत जांच तथा अन्य सामान्य चिकित्सक परामर्श दिया गया। इस मौके पर एल्बिट सेन्टर के सलिल चौधरी ,मनोहर भारद्वाज, जेएमटी के अंबुज मिश्रा, अमरेश झा, हनुमान ऑप्टिसिस के सुरेश, सेवा ब्रिगेड प्रभात मिश्रा, दिलीप मिश्रा, कमल सिंह व माइक्रोलैब के कर्मी उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




### 'खागा' ने मनाया कन्नड़ राज्योत्सव

कर्नाटक होजरी एवं गारमेन्ट एसोसिएशन (खागा) के सदस्यों ने सुल्तानपेट सर्कल पर कन्नड़ राज्योत्सव समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले भुवनेश्वरी मां की पूजा की, तत्पश्चात ध्वजारोहण किया गया। अध्यक्ष प्रकाश भोजानी ने सभी सदस्यों को कन्नड़ राज्योत्सव की शुभकामनाएं दी। सचिव कैलाश बालर ने सभी व्यापारियों से कन्नड़ भाषा का अधिक से अधिक ा उपयोग करने का आह्वान किया संयुक्त सचिव बिशनसिंह विराणा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पीएच राजपुरोहित, उपाध्यक्ष उगमराज खांटेड, पदमसिंह राजपुरोहित, कोषाध्यक्ष गिरधारीलाल राजपुरोहित, सहसचिव सिद्धार्थ जैन, योगेश जैन, पूर्व अध्यक्ष दिलीपकुमार जैन, गौतमचंद पोरवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात अन्नदान किया गया।

Printed & Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com